




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 124 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 03 फरवरी 2026 डाक 04 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा





पश्चिम बंगाल में कोयला तस्करी मामले में ईडी का एक्शन

## कोलकाता-दुर्गापुर समेत 9 ठिकानों पर मारा छापा



**कोलकाता, 03 फरवरी [एजेंसी]।** पश्चिम बंगाल में कोयला तस्करी मामले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईड) ने मंगलवार सुबह यानी 3 फरवरी 2026 को एक बार फिर बड़ी कार्रवाई शुरू की है। केंद्रीय जांच एजेंसी की टीमें कोलकाता, दुर्गापुर, आसनसोल, बर्द्धमान सहित कुल नौ स्थानों पर एक साथ तलाशी अभियान चला रही हैं।

सूत्रों के अनुसार, इस छापेमारी का मुख्य उद्देश्य कोयला तस्करी से अर्जित काले धन के लेन-देन के तरीकों का पता लगाना है। जांच एजेंसी को शक है कि तस्करी की इस बड़ी रकम को हवाला के जरिए ठिकाने लगाया गया है। ईडी इसी वित्तीय ट्रेल को ट्रैक करने के लिए डिजिटल साक्ष्यों और दस्तावेजों को खंगाल रही है। कोलकाता के साथ-साथ दुर्गापुर में भी ईडी ने मंगलवार सुबह करीब 6 बजे से सेपको टाउनशिप में बालू कारोबारी के आवास पर छापेमारी की जा रही है।

सिटी सेंटर क्षेत्र के आंबेडकर सरणी स्थित एक संदिग्ध घर की तलाशी ली जा रही है। पांडवेश्वर और कांकसा में एनएच-19 (नेशनल हाईवे) के पास स्थित ठिकानों पर भी अधिकारियों ने छापामारी की है। जांच में यह बात सामने आई है कि ये कारोबारी अजय और दामोदर नदी से बालू निकालने के कार्य से जुड़े हैं। इन पर आरोप है कि वैध टेंडर की आड़ में बड़े पैमाने पर अवैध बालू खनन किया गया। एक ही चालान का बार-बार इस्तेमाल किया गया है। बीरभूम जिले के चालान दिखाकर पश्चिम बर्द्धमान जिले से बालू की तस्करी की गई। इन अवैध गतिविधियों के जरिए कारोबारियों ने कम समय में अकूत संपत्ति अर्जित की है। फिलहाल, ईडी की यह कार्रवाई जारी है और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए जाने की खबर है।

## कश्मीरी नागरिक हैं, संदिग्ध नहीं, नेशनल कॉफ्रेंस विधायकों के नारों से गूंजा जम्मू विधानसभा परिसर



**जम्मू 03 फरवरी।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा के बाहर धरना दिया। उन्होंने देश के अलग-अलग हिस्सों में कश्मीरी छात्रों, व्यापारियों और शॉल विक्रेताओं के खिलाफ लगातार हो रही परेशानी और हमलों पर गंभीर चिंता जताई। प्रदर्शन कर रहे विधायकों ने नारे लगाए और तख्तियां दिखाई, जिन पर लिखा था कि कश्मीरी देश के नागरिक हैं, संदिग्ध नहीं। कश्मीरी नागरिक हैं, संदिग्ध नहीं और स्पेशल स्टेटस एक वादा था, कोई खास अधिकार नहीं, साथ ही धार्मिक आधार पर कश्मीरियों को बुरा-भला कहने की कोशिश बंद करने की अपील भी की गई। नेशनल कॉफ्रेंस के विधायकों ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि केंद्र शासित प्रदेश के बाहर कश्मीरियों को डराने-धमकाने और बेइज्जत करने की बार-बार रिपोर्ट आने के बावजूद वह चुप है। उन्होंने कहा कि कोई ठोस जवाब न मिलने से दूसरे राज्यों में रहने, पढ़ने या बिजनेस करने वाले कश्मीरी लोगों में डर का माहौल बन रहा है। प्रदर्शन में शामिल नेकां विधायक तनवीर सादिक ने कहा कि दिन में पहले उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में एक बुजुर्ग कश्मीरी दंपति से जुड़ी एक नई घटना सामने आई थी। उन्होंने कहा कि दंपति को कथित तौर पर परेशान किया गया और कहा कि ऐसी घटनाएं अब एक दिन की बात नहीं रह गई हैं। सादिक ने कहा कि कश्मीरियों, खासकर कश्मीरी मुसलमानों को, वे जहां भी जाते हैं, तेज़ी से टारगेट किया जा रहा है। उन्होंने इस ट्रेंड को खतरनाक और डेमोक्रेटिक वैल्यूज़ के खिलाफ बताते हुए कहा कि गलत देशभक्ति के नाम पर परेशान करना मंज़ूर नहीं है।


## धैर्य रखा तो फल मिला, ये हमारी कूटनीति की बड़ी जीत.. अमेरिका के साथ ट्रेड डील के बाद बोले पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ ट्रेड डील के बाद पीएम मोदी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हमने धैर्य रखा और उसका परिणाम हमें मिला। ये भारत की कूटनीतिक जीत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वर्ल्ड ऑर्डर बदल रहा है और भारत के पक्ष में हो रहा है। 2 फरवरी को देर रात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने ऐलान किया कि भारत से आयात होने वाले सामानों पर लगाया गया रेसिप्रोकल टैरिफ 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे पहले प्रेसिडेंट ट्रंप ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत की थी। ट्रंप ने कहा है कि मोदी उनके अच्छे दोस्त हैं और दोनो देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देना चाहते हैं।

एंबुलेंस से विधानसभा तक......

## जेल में बंद अनंत सिंह की शपथ कानून की शर्तों पर सत्ता का प्रवेश



**पटना, 03 फरवरी [एजेंसी]।** बाहुबली नेता अनंत सिंह ने मंगलवार को बिहार विधानसभा में विधायक पद की शपथ ली। स्वास्थ्य कारणों से उन्हें बेऊर जेल से एंबुलेंस के जरिए विधानसभा लाया गया। शपथ ग्रहण के दौरान विधानसभा परिसर और उसके आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पूरे कार्यक्रम पर प्रशासन की कड़ी नजर बनी रही। किसी भी तरह की भीड़ को अनुमति नहीं दी गई। अनंत सिंह ने शपथ पत्र पढ़े बिना ही विधायक पद की शपथ ली। शपथ पूरी होते ही वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उनके माथे पर लगे तिलक के बारे में भी पूछा। इसके बाद अनंत सिंह अपनी निर्धारित सीट पर जाकर बैठ गए। सदन में मौजूद सदस्य यह दृश्य देखते रहे। मीडिया से बातचीत में अनंत सिंह ने कहा कि उनकी तबीयत ठीक नहीं होने के कारण शपथ लेने में देरी हुई। उन्होंने बताया कि अदालत की अनुमति मिलने के बाद ही वे विधानसभा पहुंचे हैं। अनंत सिंह ने साफ कहा कि जेल से बाहर आना उनके हाथ में नहीं है। उन्होंने कहा कि जब जज साहब चाहेंगे, तभी वे जेल से बाहर आएंगे। फिलहाल वे न्यायिक हिरासत में हैं। पटना सिविल कोर्ट के आदेश के बाद अनंत सिंह के शपथ ग्रहण का रास्ता साफ हुआ। हालांकि कोर्ट ने उन्हें केवल शपथ लेने की ही अनुमति दी है। दुलारचंद यादव हत्याकांड में उन्हें अब तक जमानत नहीं मिली है।

शपथ समारोह के अलावा किसी भी अन्य गतिविधि में शामिल होने की अनुमति नहीं दी गई है। शपथ के बाद उन्हें वापस बेऊर जेल भेजा जाएगा। वे दोबारा न्यायिक हिरासत में रहेंगे। अनंत सिंह को जेल से विधानसभा तक लाने और वापस ले जाने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। एस्कॉर्ट वाहन और क्विक रिस्पॉन्स टीम को तैनात किया गया था। विधानसभा परिसर के अंदर और बाहर अतिरिक्त पुलिस बल मौजूद रहा। सीसीटीवी कैमरों से हर गतिविधि पर नजर रखी गई। समर्थकों के किसी भी तरह के जमावड़े पर पूरी तरह रोक लगाई गई थी। प्रवेश द्वारों पर सघन जांच की गई। अनंत सिंह पिछले करीब तीन महीनों से बेऊर जेल में बंद हैं। सिविल कोर्ट से उनकी जमानत याचिका पहले ही खारिज हो चुकी है। इसके बाद उन्होंने 24 दिसंबर को पटना हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। जिस पीठ में मामले की सुनवाई सूचीबद्ध हुई थी, उस कोर्ट के जज ने सुनवाई से इनकार कर दिया। अब इस मामले को दूसरी पीठ में सूचीबद्ध कराने की प्रक्रिया चल रही है। जमानत पर फिलहाल कोई फैसला नहीं हुआ है।

## ठाणे की 18 मंजिला इमारत में लगी भीषण आग, दो लोग झुलसे, 70 को बचाया गया



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में तड़के सुबह एक 18 मंजिला इमारत आग की चपेट में आ गई। आग की लपटों के बीच 70 से ज्यादा लोग अंदर फंस गए, जिन्हें रेस्क्यू किया गया। पुलिस के अनुसार, इस घटना में 2 लोग घायल हैं।ये घटना ठाणे के शास्त्री नगर स्थित मिलान हिल का है। आज (मंगलवार) सुबह लगभग 4 बजे बिजली की पाइप से चिंगारी उठी और पलक झपकते ही पूरी बिल्डिंग आग की चपेट में आ गई। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन अधिकारी यासीन ताडवी के अनुसार, हमें सुबह 4.14 बजे आग लगने की सूचना मिली। आग 10वीं और 13वीं मंजिल के बीच में स्थित बिजली की पाइप में लगी थी, जिससे इमारत के अंदर भारी धुआं भर गया था। यासीन ने बताया कि धुएं के कारण लगभग 70 से ज्यादा लोग अंदर फंस गए थे। दमकल कर्मियों और रेस्क्यू टीम ने मिलकर सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। हालांकि, इस घटना में 62 वर्षीय और 74 वर्षीय दो लोग बुरी तरह से झुलस गए। दोनों घायलों को निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## खाई में गिरी हिमाचल रोडवेज की बस तीन सवारियों की मौत, कई घायल



**देहरादून, 03 फरवरी [एजेंसी]।** मंगलवार सुबह हिमाचल प्रदेश के चौपाल-नेरवा से पांवटा जा रही एचआरटीसी की एक बस क्वानू के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। यह बस सुबह साढ़े छह बजे चौपाल डिपो से पहले नेहवा पहुंची और उसके बाद मीनस-क्वानू- हरिपुर रूट से पांवटा जा रही थी। बस में तीस से अधिक लोग सवार बताए जा रहे हैं।

घटना सुबह करीब दस बजे की बताई जा रही है। मीनस-क्वानू- हरिपुर मार्ग पर सुदोई खड्ड के पास ट्रक को साइड देने के चक्कर में सड़क का पुश्ता धंसने से सवारियों से भरी एचआरटीसी की बस खाई में कई पलटे खाने के बाद सीधे खड्ड में जा गिरी। स्थानीय लोग राहत एवं बचाव कार्य के लिए मौके पर जुटे हैं। घटना की सूचना से पुलिस प्रशासन व एसडीआरएफ की टीम मौके के लिए रवाना हो गई।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने जाजपुर मंदिर में किया पिंड दान, छह दिन के ओडिशा दौरा पर



**ओड़िशा 03 फरवरी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार सुबह ओडिशा के जाजपुर जिले में बिराजा मंदिर में पिंड दान अनुष्ठान किया। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं और राष्ट्रपति के दौरे के लिए लगभग 600 सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।

## रहमान डकैत का बेटा कराची में गिरफ्तार, पाक पुलिस ने बड़े बेटे को भी उतारा था मौत के घाट



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के कराची में गैंगस्टर रहमान डकैत के बेटे को फिर से पुलिस ने धर दबोचा है। ल्यारी के खूंखार अंडरवर्ल्ड से जुड़े इस नाम ने एक बार फिर सुर्खियां बटोरी हैं, क्योंकि उसके बेटे जिब्रान को अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि यह आदमी पुराना अपराधी है, जो बार-बार जेल जा चुका है और अब भी उसी राह पर चल रहा था।यह घटना सोमवार को हुई, जब कलाकोट पुलिस ने जिब्रान को पकड़ा। उसके पास से एक अवैध पिस्तौल बरामद हुई। पुलिस ने बयान जारी कर बताया कि जिब्रान अब्दुल रहमान उर्फ रहमान डकैत का बेटा है और वह लंबे समय से अपराध की दुनिया में सक्रिय है। कलाकोट थाने की पुलिस ने विशेष ऑपरेशन में जिब्रान को कलाकोट इलाके से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल मिली, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। कुछ रिपोर्टों में दो पिस्तौल और गोलियों का जिक्र भी है, लेकिन आधिकारिक बयान में एक पिस्तौल की बात कही गई है। पुलिस ने उसे आदतन अपराधी करार दिया है, जिसका मतलब है कि वह पहले भी कई बार गिरफ्तार हो चुका है और जेल की हवा खा चुका है।

### रहमान डकैत का खौफनाक अतीत

रहमान डकैत ल्यारी के गैंग वॉर का बड़ा नाम था। वह 80 से ज्यादा आपराधिक मामलों में शामिल रहा और ल्यारी की गैंग वॉर का केंद्र रहा। 2009 में कराची पुलिस ने उसे और उसके तीन साथियों को मार गिराया था। रहमान डकैत की मौत के बाद उसके परिवार से जुड़े सदस्य भी अपराध की दुनिया सक्रिय रहे। 2024 में उसके एक बेटे को कथित मुठभेड़ में मार गिराया गया था।

## श्रद्धालुओं से भरी बस को ट्रक ने मारी ठोकर, एक की मौत, 15 घायल



**सूरजपुर।** श्रद्धालुओं को लेकर बनारस जा रही एक यात्री बस सोमवार देर रात सड़क हादसे का शिकार हो गई। अंबिकापुर-बनारस मार्ग पर गंगापुर के पास पीछे से आ रहे एक ट्रक ने बस को टक्कर मार दी, जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में लगभग 15 श्रद्धालु घायल हो गए, जबकि एक गंभीर रूप से घायल यात्री की अंबिकापुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा लटोरी पुलिस चौकी क्षेत्र में हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया गया। घायलों को तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया, जहां सभी का उपचार जारी है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, कुछ घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है, जबकि अन्य का उपचार निगरानी में किया जा रहा है।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## स्क्रैप माफिया रवि काना के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापामारी

### तलाश में जुटीं छह टीमें, नेपाल बॉर्डर पर भी निगरानी



**ग्रेटर नोएडा, 03 फरवरी [एजेंसी]।** बांदा जेल से निकलने के बाद से गायब स्क्रैप माफिया रवि काना का सुराग पुलिस को नहीं लग रहा है। छह टीमें बांदा, दिल्ली समेत आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। एक टीम नेपाल बॉर्डर के आसपास निगरानी कर रही है। रवि काना पर स्क्रैप कारोबार की आड़ में कई गंभीर आपराधिक वारदात अंजाम देने का आरोप है। दावा है कि आरोपी की जिस समय रिहाई हुई दो गाड़ियों से परिजन व करीबी पहले ही पहुंच चुके थे। इनमें से ज्यादातर के मोबाइल फोन बंद हैं।जेल से निकलने के बाद रवि काना किस कार में बैठा पुलिस की टीम ट्रेस करने में जुटी हुई है। गिरोह के सदस्य फिर से सक्रिय हो सकते हैं। उन पर भी पुलिस की नजर है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रवि काना के स्क्रैप कारोबार का दायरा नोएडा समेत पश्चिमी यूपी तक सीमित नहीं था। बल्कि हरियाणा और राजस्थान तक ठेके जबरन लेता था। उसने कई राज्यों में गुर्गे पाल रखे थे। कोई स्क्रैप नहीं देना चाहता था तो गिरोह के सदस्य जान से मारने की धमकी देते थे। ज्यादातर मामलों में लोगों से वसूली भी गिरोह के सदस्य ही करते थे।

## अमित शाह 5 फरवरी से जम्मू-कश्मीर दौरे पर

**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार से तीन दिनों के लिए जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे। इस दौरान वे सुरक्षा स्थिति की पूरी समीक्षा करेंगे, कई विकास परियोजनाएं शुरू करेंगे और राजनेताओं से बातचीत करेंगे।अधिकारियों ने यहां बताया, केंद्रीय गृह मंत्री 5 फरवरी की शाम को जम्मू पहुंचेंगे। वे उसी शाम लोक भवन में नेताओं से मिलेंगे। 6 फरवरी की सुबह, केंद्रीय गृह मंत्री कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा का दौरा करेंगे। अंतरराष्ट्रीय सीमा के दौरे के दौरान, केंद्रीय गृह मंत्री घुसपैठ रोकने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की ओर से लगाए गए उपकरणों का निरीक्षण करेंगे। अधिकारियों ने बताया, 6 फरवरी की दोपहर को, वह जम्मू में एक हाई-लेवल सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, गृह मंत्रालय, आईबी के वरिष्ठ अधिकारी, सीएपीएफ के प्रमुख, जम्मू-कश्मीर के सिविल प्रशासन, पुलिस और खुफिया एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी सुरक्षा समीक्षा बैठक में शामिल होंगे।

## पोल्ट्री फार्म में जनरेटर सहित अन्य कीमती सामान की चोरी

**कोरबा** । कोरबा जिले में एक पोल्ट्री फार्म से जनरेटर सहित कई कीमती सामान की चोरी की गयी हैं। उक्त घटना की जानकारी संचालक को तब लगी, जब वह सुबह पोल्ट्री फार्म पहुंचा। मामले में पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थानांतर्गत हाऊसिंग बोर्ड कालोनी रामपुर में राकेश कुमार शर्मा नामक व्यक्ति निवास करते हैं। वे ग्राम भुलसीडीह के समीप पाइप लाइन के किनारे पोल्ट्री फार्म का संचालन करते हैं। प्रतिदिन की तरह वे पोल्ट्री फार्म के दरवाजे में ताला जड़कर घर लौट गए। सुबह जब पोल्ट्री फार्म पहुंचे तो दरवाजा टूटा मिला, जिससे उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने भीतर जाकर देखा तो पूरी तरह खाली मिला। पोल्ट्री फार्म में लगे जाली जगह-जगह से फटे हुए थे। शातिर चोरों ने पोल्ट्री फार्म में रखे जनरेटर के अलावा गोदाम का दरवाजा, बिजली कनेक्शन के लिए रखे वायर सहित कई सामान को पार कर दिया था। जिसकी सूचना श्री शर्मा ने सिविल लाइन थाना पहुंचकर दी। मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## स्टार्ट करते ही दीवार से जा टकराई बाइक,युवक की मौत

**कोरबा** ।कोरबा-चांपा मार्ग में स्थित उरगा थानांतर्गत ग्राम भलपहरी में एक युवक निवासरत था। वह राजमिस्त्री का काम कर घर चलाने में परिवार का मदद कर रहा था। वह अपने नीज कार्य हेतु ग्राम कनबेरी आया था, जहां से देर शाम घर जाने निकला। वह अपने वाहन में सवार होकर उसे चालू किया और एक्सीलेटर पर दबाव दिया। तब बाइक अचानक अनियंत्रित हो रफ्तार पकड़ ली, जब तक युवक उसे नियंत्रण कर पाता, बाइक सीधे एक दीवार से जा टकराई। घटना में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें सवार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना घटित होते ही मौके पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। उन्होंने डॉयल 112 की मदद से चालक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया, जहां चिकित्सको ने परीक्षण उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। वे मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे, जहां परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई पूरी की। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## जिले में एक मॉडिफाइड बाइक जब्त

**कोरबा** । कोरबा जिले में एक 'अजीबोगरीब' मॉडिफाइड बाइक को पुलिस ने जब्त किया है। यह बाइक इतनी अनोखी थी कि पुलिस भी इसे देखकर हैरान रह गई। इसका मॉडल या निर्माता कंपनी पहचानना मुश्किल था।

जानकारी के अनुसार बाइक मालिक ने इसे खुद अपनी कलाकारी से पूरी तरह मॉडिफाई किया था। इसकी बनावट इतनी विचित्र थी कि दूर से यह पहचानना मुश्किल था कि यह कौन सा वाहन है। मालिक ने इस पर 'उड़ता परिंदा' स्लोगन भी लिखवाया था।

शहर की सड़कों पर घूम रही इस बाइक पर रामपुर सिविल लाइन थाना पुलिस की नजर पड़ी। यातायात नियमों का उल्लंघन और बिना वैध अनुमति के मॉडिफाई की गई इस बाइक को पुलिस ने तुरंत रोक लिया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया और इसके मालिक पर 15,000 रुपए का जुर्माना लगाया। सिविल लाइन थाना प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि उन्हें सड़क पर तेज गति से फर्राटे भर रही इस बाइक की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर वाहन को पकड़ा और मालिक के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की। उन्होंने यह भी बताया कि मॉडिफाइड गाड़ियों, कानफोड़ू साइलेंसर, तेज हॉर्न और ब्लैक फिल्म वाले वाहनों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

## पताढ़ी धाम में भव्य गुरुदर्शन संत समागम का हुआ समापन

**कोरबा** । कोरबा जिले के समीप स्थित सतनाम पंथ के प्रमुख तीर्थ स्थल गुरु गद्दी पताढ़ी धाम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर त्रिदिवसीय गुरुदर्शन संत समागम मेला का भव्य आयोजन 30 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक किया गया। इस आध्यात्मिक एवं सामाजिक समागम में दूर-दराज से आए श्रद्धालु, साधु-संत, महंत, राजमहंत एवं समाज प्रमुख बड़ी संख्या में शामिल हुए।

समागम के समापन अवसर पर जगत गुरु, गुरु गद्दी नशीन विजयकुमार की सुपुत्री राजनंदनी प्रियंका 'गुरु दीदी' ने गुरु गद्दी आसन में विधिवत पूजा-अर्चना कर आरती मंगल संपन्न की। तत्पश्चात उन्होंने जोड़ा जैत खाम में श्रद्धा-भाव से पालो चढ़ाकर संत समाज एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया।

उक्त कार्यक्रम में संत समाज, सामाजिक प्रमुखों एवं श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं समाज के वरिष्ठ जनों में प्रमुख रूप से राजमहंत रामचन्द्र पाटले आयोजन समिति अध्यक्ष, लखन लहरें अध्यक्ष, आत्माराम पन्ना संरक्षक, देशराम मिरी सचिव, वरिष्ठ राजमहंत दसे राम खांडे, राजमहंत राजेश्वर भार्गव, राजमहंत पी.एल. कोसरिया, राजमहंत जे.पी. कोशले, अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े, राजमहंत सुंदरसाय बंजारे, राजमहंत राजनारायण निराला, भुलाऊं राम, राजमहंत भुवन लहरें, राजमहंत खड़कदास, जिला महंत गछराम, छड़ीदार भंडारी सहित बड़ी संख्या में साधु-संत एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समापन अवसर पर गुरु दीदी प्रियंका ने संत समाज को संबोधित करते हुए कहा कि सतनाम पंथ का मूल उद्देश्य मानवता, समरसता, सेवा और सद्भावना का प्रसार करना है। उन्होंने युवाओं से समाज की परंपराओं, गुरु परंपरा और आध्यात्मिक मूल्यों को आत्मसात कर सामाजिक समरसता को मजबूत करने का आह्वान किया। तीन दिवसीय गुरुदर्शन संत समागम मेले के दौरान भजन-कीर्तन, प्रवचन, गुरु दर्शन, सत्संग एवं सामाजिक विमर्श के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

## पाली महोत्सव हेतु रूचि की अभिव्यक्ति 10 फरवरी तक आमंत्रित

**कोरबा** । महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव 2026 (सामुदायिक आदिवासी कला, हस्तशिल्प एवं सांस्कृतिक प्रोत्साहन) कार्यक्रम का 15 एवं 16 फरवरी को विकासखंड पाली के ग्राम केराझरिया में किया जायेगा। जिसमें स्थानीय संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ देश की विभिन्न संस्कृतियों से परिचय कराने तथा पर्यटन की संभावनाओं के विकास तथा प्रचार-प्रसार हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

पाली महोत्सव 2026 में कोरबा जिले के प्रतिष्ठित/खाति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन के अंतर्गत अपनी प्रस्तुत देना चाहते हैं उनसे निर्धारित प्रारूप अनुसार आवश्यक दस्वावेज/सीडी/पेन ड्राईव/गूगल फॉम में अपलोड/वेबसाईट लिंक, यूट्यूब लिंक इत्यादि सहित प्रविष्टि 12 फरवरी 2026 तक आमंत्रित की गई थी।

# पर्यावरण जागरूकता और नो फूड वेस्ट की समझ बढ़ाई यूथ हॉस्टल ने

### ट्रेकिंग के साथ राजानहकान नदी में किया वॉटर स्पोर्ट्स

**कोरबा।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की कोरबा यूनिट ने इस वर्ष का प्रथम साहसिक ट्रैकिंग कार्यक्रम कोरबा जिले के मदनपुर क्षेत्र में आयोजित किया। लगभग 90 सदस्यों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। राजा नहकान नदी में वॉटर स्पोर्ट्स के साथ देवगुड़ी में ट्रेकिंग व आसपास की प्रकृति और उसके तत्वों को जानने का काम इस यात्रा में किया गया।



पर्यावरण जागरूकता पर केंद्रित एक यादगार सामुदायिक आयोजन था। राज्य चेयरमैन संदीप सेठ के कुशल नेतृत्व में और शिव कुमारी, त्रिभुवन, कल्पना, सुमन, दीपेश, आशीष खंडेलवाल, ए वाई तोमर, मालती जोशी सहित अन्य टीम सदस्यों के पूर्ण सहयोग से कार्यक्रम में देवगुड़ी का भ्रमण, जल खेल, पारंपरिक शारीरिक खेल, माइंड गेम्स, तथा अन्य गतिविधियाँ शामिल थीं। अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने मुख्य अतिथि प्रदीप जोशी , गंगाराम पटेल श्रीमती अन्ना का स्वागत किया। पी एल मिरेंद्र और त्रिभुवन कौशील को युवा हॉस्टल आंदोलन में उनके समर्पित योगदान के लिए उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। विभिन्न खेलों के विजेताओं को पुरस्कार दिए गए, जिससे उत्सव का माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया। संजीव कंसल, मुख्य अभियंता एवं कोरबा इकाई के संरक्षक ने पूरी टीम को कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी।

निकिता, मयंक, अजित, अरविंद, विकास, एम एल शर्मा, नवीन मणिक, गुरुपंच, देवी शंकर, धीरज, दीपा, अमृता सहित अन्य सक्रिय सदस्यों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'जीरो फूड वेस्ट', 'मिशन नो लिटर' तथा व्यापक सामाजिक कार्य रहा, जिसमें इकाई ने पूरे दिन शून्य-अपशिष्ट और स्थिरता को बढ़ावा देकर उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए। चेयरमैन संदीप सेठ ने बताया की कोरबा इकाई निरंतर नदी ट्रेकिंग, पर्यावरणीय पहल जैसी गतिविधियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ में युवा विकास, साहसिक कार्य और सामुदायिक सेवा को प्रोत्साहित करने के प्रयास जारी रखे हुए है। इकाई सचिव शैलेन्द्र नामदेव ने सभी को धन्यवाद दिया।



## साकेत में हर्षोल्लास से मनाया गया महापौर संजूदेवी राजपूत का जन्मदिवस

**कोरबा।** कोरबा नगर निगम महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत का जन्मदिवस 02 फरवरी को नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

महापौर श्रीमती राजपूत ने करतल ध्वनि के बीच केक काटा, वहीं सभापति नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी सहित जनप्रतिनिधियों, पार्षदों व निगम के अधिकारी/कर्मचारियों ने महापौर श्रीमती राजपूत को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी, उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना कर उनके मार्गदर्शन में नगर के सर्वांगीण विकास तथा आमजन की सतत सेवा में निरंतर कार्य करने के संकल्प को दोहराया।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में निगम के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के जन्मदिवस कार्यक्रम का सुंदर व स्नेहपूर्ण आयोजन किया गया, इस मौके पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी के साथ ही पार्षद चन्द्रलोक सिंह, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियता सुरेश बरूआ, उपायुक्त नीरज कौशिक, बी.पी. त्रिवेदी, पवन वर्मा, लेखाधिकारी भवकांत नायक, कार्यपालन अभियंता एन.के. नाथ, भूषण उरांव, राकेश मसीह, अखिलेश शुक्ला, प्रकाश चन्द्रा, सुनील टांडे, लीलाधर पटेल, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, सहायक राजस्व अधिकारी सुमित गुप्ता, सहायक अभियंता रूचि साहू, राहुल मिश्रा, पीयूष राजपूत, एस.सी. सोनी, आकाश अग्रवाल, प्रमोद जगत, अंजूला अनंत, सोमनाथ डेहरे, गुलिस्ता साहू, रमेश सूर्यवंशी, अंजूलता तिग्गा, किरण साहू, प्रिंस सिंह, राजेश राठौर, राकेश अग्रवाल, श्रीधर द्विवेदी, सचिन तिवारी, अजीत सिंह, मनोज सिंह राजपूत, हेमंत गभेल, अजय शुक्ला, आनंद दुबे, धवल शर्मा, अमन शर्मा, वीरेन्दर सैनी, अरविंद सिंह, विकास शुक्ला, अशोक जायसवाल, अनवर अली, मनोज श्रीवास आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने महापौर श्रीमती राजपूत को गुलदस्ता भेंट कर उन्हें जन्मदिवस की अपनी हार्दिक व शुभकामनाएं दी तथा उनके स्वस्थ व दीर्घ जीवन की कामना की।

## संत रविदास जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा का ,सप्तदेव मंदिर में किया गया भव्य स्वागत

**कोरबा** । संत रविदास समाज उत्थान समिति, कोरबा के तत्वावधान में संत श्री रविदास की 649वीं जयंती के पावन अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा सीतामणी से प्रातः 12.00 बजे प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दोपहर 1.00 बजे श्री सप्तदेव मंदिर पहुँची।

शोभायात्रा के श्री सप्तदेव मंदिर पहुँचने पर मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी द्वारा सभी श्रद्धालुओं एवं शोभायात्रा में सम्मिलित समाजजनों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को मट्ठा पिलाकर सेवा भाव से सत्कार किया गया।इस गरिमामय अवसर पर मंदिर ट्रस्टी हार्दिक मोदी, विजय गोयनका, अंकित गोयनका, मंदिर के प्रमुख पुजारी नवीन महाराज, बी.एम. शर्मा, घनश्याम मिश्रा, ज्योति यादव, शीतल कौर, अन्नू सोनवानी, जानकी यादव, धन्नू देवांगन, संदीप वैष्णव, संजय अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

## भाजयुमो जिला अध्यक्ष वैभव शर्मा व महामंत्री मोंटी पटेल के नेतृत्व में निकली बाइक रैली

**कोरबा** । कोरबा भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) जिला कोरबा के तत्वावधान में युवाओं की शक्ति, संगठनात्मक एकजुटता और राष्ट्रभक्ति के संकल्प का भव्य प्रदर्शन करते हुए विशाल बाइक रैली निकाली गई। यह रैली भाजयुमो जिला अध्यक्ष वैभव शर्मा के नेतृत्व में आयोजित हुई, जिसमे युवाओं की अलग-अलग टोली ने जोरदार सहभागिता निभाई।उक्त रैली अंतर्गत जिला कोरबा के सभी मंडलों से भाजयुमो के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए। हजारों युवाओं की मौजूदगी से शहर के प्रमुख मार्गों पर बाइकर्स की लंबी कतारें नजर आईं और वातावरण 'भारत माता की जय' व 'भाजयुमो जिंदाबाद' के नारों से गूंज उठा। रैली के दौरान युवाओं ने अनुशासन के साथ पार्टी ध्वज व बैनर लेकर शक्ति-प्रदर्शन किया। स्वयंसेवकों द्वारा यातायात व्यवस्था बनाए रखते हुए कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया।

## किसान आत्महत्या को मजबूर, सत्ता कार्यालय सजा रही युवा कांग्रेस के विरोध को पुलिस ने कुचला

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में जब किसान धान बेचने के लिए दर-दर भटक रहा है, तब सत्ता पक्ष जश्न और भवन निर्माण में व्यस्त है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कोरबा प्रवास के दौरान भाजपा के नए कार्यालय भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम के खिलाफ युवा कांग्रेस का आक्रोश सड़कों पर फूट पड़ा। कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार की किसान-विरोधी, जनविरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए काला झंडा दिखाने का प्रयास किया।जिला कांग्रेस कार्यालय से शांतिपूर्ण ढंग से निकले युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन करते हुए बलपूर्वक हिरासत में ले लिया। उन्हें पुलिस लॉरी में ठूंसकर लगभग तीन किलोमीटर दूर कुसमुंडा थाना ले जाकर घंटों बैठाए रखा गया। मुख्यमंत्री के कोरबा से प्रस्थान करते ही सभी को रिहा कर दिया गया, जिससे साफ़ होता है कि पूरी कार्रवाई सत्ता की सुरक्षा और असहमति को दबाने के लिए की गई।

यह विरोध ऐसे समय में हुआ है जब छत्तीसगढ़ सरकार की धान खरीदी योजना भ्रष्टाचार और अफसरशाही के दलदल में पूरी तरह धंस चुकी है। हजारों किसान टोकन नहीं मिलने की वजह से अब तक अपना धान नहीं बेच पाए हैं और सरकार द्वारा घोषित अंतिम तिथि समाप्त हो चुकी है जिसके कारण किसान कर्ज़, भूख और मानसिक तनाव में जी रहे हैं। हालात इतने अमानवीय हो चुके हैं कि कई किसानों ने आत्महत्या का प्रयास किया, जिनमें से कुछ आज भी अस्पतालों में ज़िंदगी और मौत से जूझ रहे हैं।युवा कांग्रेस का कहना है कि सरकार किसानों की पीड़ा पर संवेदनशील होने के बजाय भव्य कार्यालयों के शिलान्यास में व्यस्त है। इसी पीड़ा का प्रतीक था उनका नारा— 'किसान मर रहा है और कार्यालय सज रहा है।'

युवा कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में लोकतंत्र केवल भाषणों तक सीमित रह गया है, जबकि ज़मीनी सच्चाई यह है कि सवाल उठाने वालों को पुलिस के ज़रिए चुप कराया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों को उनका हक़, धान खरीदी की पारदर्शिता और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन जत्थे में विकास सिंह, राकेश पंकज, नवीन कुकरेजा, सुनील निर्मलकर, धनंजय दीवान, कुणाल आजाद, मधुसुदन दास, विवेक श्रीवास, मिनिकेतन गवेल विशेष रूप से शामिल रहे.

## कोरबा छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने महापौर के जन्मदिन पर किया समारोह आयोजित:महापौर ने कहा-जनता के प्यार-दुलार से अभिभूत हूं

**कोरबा।** 02 फरवरी को कोरबा के लिए दोगुनी खुशी देने वाला साबित हुआ। एक ओर नवीन भव्य भाजपा कार्यालय के लिए भूमिपूजन समारोह में मुख्यमंत्री सहित कई हस्तियां मौजूद थीं, तो दूसरी ओर कोरबा महापौर के जन्मदिन पर जगह-जगह खुशियों का समारोह आयोजित था।इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ की कोरबा इकाई ने महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के जन्मदिन पर संयुक्त खुशियां बांटने के लिए टीपी नगर स्थित प्रदेश कार्यालय में संक्षिप्त लेकिन महत्वपूर्ण समारोह आयोजित किया। संघ के सदस्यों ने महापौर का भव्य आत्मिक स्वागत किया, जिससे महापौर अभिभूत हो गईं। उन्होंने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि अखबार वितरक संघ के सदस्यों का जीवन चुनौतीपूर्ण है, लेकिन उनके हौसलों को नमन करने का दिल करता है। मैं जनता से मिले प्यार-दुलार से अभिभूत हूं। जनता का ही यह स्नेह है कि मुझे ऐतिहासिक 45 हजार वोटों से जीता कर इस मुकाम तक पहुंचाया और आज मेरे जन्मदिन पर असीम खुशियां लुटाईं, यही मेरी असली पूंजी है और जगह-जगह अपनी इस बेटी के लिए समारोह आयोजित किया। अंतिम व्यक्ति की समृद्धि हमारे विकास की आधारशीलामहापौर ने कहा कि कोरबा को सुव्यवस्थित और विकसित करना हमारा लक्ष्य है, लेकिन इस विकास में किसी गरीब की रोजी-रोटी न छीने, इसका भी हमें ध्यान है। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे ठेला लगाने वाले, सब्जी बेचने वाले जैसे अंतिम व्यक्ति के




जीवन सुलभ सोच के कारण ही हम इनके लिए वेंडिंग जोन बना रहे हैं। कोसाबाड़ी सब्जी मार्केट को हमने व्यवस्थित किया, बुधवारी में भी ऐसे लोगों के लिए छोटी-छोटी दुकानें बना रहे हैं, जो शीघ्र निर्मित हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि मल्टीलेबल पार्किंग जो यातायात समस्या का समाधान बनेगा, उसे त्वरित गति से पूर्ण करा रहे हैं, ताकि सुनालिया पुल पर जाम न लगे। आमलोगों के लिए इसके बगल में चौपाटी का निर्माण होगा। स्वच्छ, सुंदर और विकसित कोरबा की संकल्पना को पूरा करने का प्रयासमहापौर ने कहा कि भाजपा का शासन और निगम में भाजपा का शासन आते ही सबके सहयोग से कोरबा को स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन के लिए अवार्ड मिला, स्वच्छ कोरबा के साथ विकसित कोरबा की संकल्पना को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थित विकास को गति दी जा रही है। सबके सहयोग से ही स्वच्छ कोरबा, विकसित कोरबा बनेगा।विशाल केक काटा गयाअखबार वितरक संघ भले ही छोटी इकाई है, लेकिन जज्बा विशाल है। महापौर के जन्मदिन पर विशाल केक काटा गया और उपस्थित सदस्यों एवं अतिथियों ने महापौर का मुंह मीठा कर स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी।इसके पूर्व संघ ने महापौर सहित अतिथियों को आदरपूर्वक मंचस्थ कराया और महापौर सहित उपस्थित अतिथियों पंप हाउस के पार्षद रामकुमार साहू, अधिवक्ता हेमंत गौतम, शमीम ज्वेलर्स के संचालक मो. शमीम, भाजपा नेता राकेश नागरमल अग्रवाल, कार्यक्रम के अध्यक्ष पद्मसिंह चंदेल-प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ एवं समासेवी, संस्कारम् संस्था की अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा चंदेल का पुष्पगुच्छ से आत्मी स्वागत किया।कार्यक्रम में संघ के सदस्यों में जिला इकाई के संरक्षक रेशमलाल साहू, अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, सचिव जयसिंह नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, सहसचिव रायसिंह, बालको इकाई कोषाध्यक्ष राकेश साहू, रामा, तपेश्वर राठौर, अनिल गिरी, राजकुमार पटेल सरोज, हर्ष नेताम, विल्सन, राहुल, पप्पू, विजय, ओमकार, दीपक, अज्जू सहित बड़ी संख्या में संघ के सदस्य उपस्थित रहे।स्मृति चिन्ह से महापौर का सम्मानकार्यक्रम के अंत में संघ के सदस्यों ने महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# नगर निगम क्षेत्र में 15 फरवरी तक चलेगा योजनांतर्गत विशेष पंजीकरण अभियान

**कोरबा** । प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं एन.पी.एस. ट्रेडर्स योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु कोरबा नगर निगम क्षेत्र में 15 फरवरी तक विशेष पंजीकरण अभियान संचालित किया जा रहा है, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र से संबंधित उन श्रमिकों के लिए 60 वर्ष की आयु के बाद 3000 रूपये की न्यूनतम मासिक पेंशन सुनिश्चित करती है, जिनकी मासिक आय 15 हजार रूपये तक है। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आदेश जारी कर निगम के उपायुक्त पवन वर्मा को योजना का नोडल अधिकारी नियुक्त कर उन्हें श्रम आयुक्त कोरबा से समन्वय स्थापित कर शासन के निर्देशानुसार योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं। नगर पालिक निगम कोरबा में योजना के नोडल अधिकारी उपायुक्त पवन वर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा भारत के असंगठित श्रमिकों के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के मद्देनजर जन कल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का संचालन देश में किया जा रहा है, यह योजना केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने तथा श्रमिकों को बुढ़ापे में मासिक पेंशन सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई एक स्वेच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है, यह योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक सम्मान है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 50 प्रतिशत का योगदान करते हैं। ई-श्रम पोर्टल के अनुसार 31 दिसंबर तक 30 करोड़ 51 लाख से ज्यादा असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूर पंजीकृत हैं, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र के इन श्रमिकों के लिए बुढापे में वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अनेक लाभ प्रदान करती है। योजना के अंतर्गत श्रमिकों के पंजीकरण हेतु विशेष अभियान शहरी क्षेत्रों में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक चलाया जा रहा है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में 16 फरवरी से 15 मार्च तक विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जाएगा।

असंगठित क्षेत्र के कामगारों में ज्यादातर घर में काम करने वाले मजदूर, रेहणी पटरी वाले, मिड डे मील वर्कर, सिर पर बोझा ढोने वाले, ईंट भट्टा मजदूर, मोची, कूडा बीनने वाले मजदूर, घरेलू कामगार, धोबी, रिक्शा चालक, भूमिहीन मजदूर, कृषि मजदूर, निर्माण स्थल पर काम करने वाले मजदूर, बीडी मजदूर, हथकरघा मजदूर, चमड़ा मजदूर, आडियो विजुअल मजूदर या इसी तरह के दूसरे कामों में लगे हुए कामगार शामिल हैं। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना स्वेच्छिक योजना है, जो श्रमिकों को उनकी सामर्थ और आवश्यकता के आधार पर अंशदान करने की सुविधा प्रदान करती है तथा इसमें सरकारी अंशदान के रूप में केन्द्र सरकार के द्वारा श्रमिक के द्वारा किए गए अंशदान के बराबर अंशदान जमा कराया जाता है, योजना अंतर्गत 18 वर्ष आयु हेतु 55 रूपये, 20 वर्ष हेतु 65 रूपये, 25 वर्ष हेतु 80 रूपये, 30 हेतु 105 रूपये, 35 वर्ष हेतु 150 रूपये तथा 40 वर्ष की आयु वाले श्रमिकों हेतु 200 रूपये मासिक अंशदान जमा करने का प्रावधान हैं, वहीं इसी के समान अंशदान भारत सरकार द्वारा भी जमा कराया जाता है, लाभार्थी की आयु 60 वर्ष होने के बाद उसे जीवन भर 300 रूपये प्रतिमाह की निश्चित पेंशन मिलने शुरू हो जाती है, यदि लाभार्थी की मृत्यु हो जाती है तो पति या पत्नी को पेंशन राशि का 50 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन के रूप में प्राप्त होता है। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में पंजीकरण हेतु श्रमिक की आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए तथा उसकी मासिक आय 15 हजार रूपये या उससे कम होनी चाहिए, इसके साथ ही उन्हें असंगठित क्षेत्र में उपरोक्तानुसार व्यवसायों का श्रमिक होना भी आवश्यक है। श्रमिक को कर्मचारी भविष्यनिधि, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, राष्ट्रीय पेंशन योजना आदि के अंतर्गत कवर नहीं होना चाहिए, उन्हें आय करदाता भी नहीं होना चाहिए तथा किसी अन्य सरकारी पेंशन योजना का लाभ उन्हें नहीं प्राप्त हो रहा है, यह सुनिश्चित करना चाहिए। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में पंजीकरण की सुविधा सभी कामन सर्विस सेंटर के माध्यम से उपलब्ध है, पंजीकरण के इच्छुक श्रमिक आधार कार्ड और बचत बैंक खाता पासबुक के साथ किसी भी कामन सर्विस सेंटर में जाकर पंजीकरण करा सकते हैं, वैकल्पिक रूप से पात्र श्रमिक मानधन पोर्टल के माध्यम से भी पंजीकरण कर सकते हैं। वहीं इस संबंध में और अधिक जानकारी के लिए वे श्रम विभाग के कार्यालय में भी संपर्क कर सकते हैं।


## पीएमएनएम का आयोजन आईटीआई कोरबा में 09 फरवरी को

**कोरबा** । अप्रेटिसशिप योजनान्तर्गत प्राइम मिनिस्टिर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएम) का आयोजन 09 फरवरी को आईटीआई कोरबा में किया जा रहा है।आईटीआई कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राइम मिनिस्टिर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योगों/प्रतिष्ठानों एवं आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षाणार्थियों का नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम में पंजीयन एवं नियोजन किया जायेगा।

## आईजी रामगोपाल गर्ग ने पहल करते हुए थानों में क्यूआर कोड से पुलिस पर जनता की सीधी राय की शुरुआत

### चोरी के वाहनों की त्वरित बरामदगी के लिए एप्लीकेशन लॉन्च

**कोरबा** । पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज रामगोपाल गर्ग सोमवार को अपने प्रथम कोरबा प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों सहित पुलिस अधिकारियों की अहम बैठक लेकर कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में आईजी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पुलिस की कार्यप्रणाली ऐसी होनी चाहिए जिससे अपराधियों में भय बना रहे और आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हो।



आईजी श्री गर्ग ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। इसी दिशा में पुलिस की कार्यशैली को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए जिले के सभी थानों में क्यूआर कोड जारी किए जाएंगे। इन क्यूआर कोड के माध्यम से आम नागरिक पुलिस के व्यवहार, कार्यशैली एवं कार्यवाही को लेकर अपनी फीडबैक सीधे दर्ज कर सकेंगे, जिससे पुलिस-जनसंपर्क और भरोसे को और मजबूती मिलेगी। बैठक के दौरान आईजी श्री गर्ग द्वारा एक सशक्त तकनीकी मोबाइल एप्लीकेशन भी लॉन्च किया गया, जिसका उद्देश्य चोरी हुई मोटरसाइकिल एवं अन्य वाहनों की शीघ्र रिकवरी सुनिश्चित करना है। यह एप्लीकेशन आम जनता के लिए भी ओपन रहेगी, जिसमें कोई भी व्यक्ति संदिग्ध या चोरी के वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर डालकर उसका विवरण प्राप्त कर सकेगा। चोरी की पुष्टि होने पर इसकी जानकारी सीधे पुलिस को दी जा सकेगी, जिससे कार्रवाई में तेजी आएगी।आईजी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नई तकनीक का अधिकतम उपयोग कर अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाया जाए और आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनता की भागीदारी से ही पुलिस व्यवस्था और मजबूत बनती है। आईजी के इस दौरे के दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित जिले के सभी थाना प्रभारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। कोरबा आगमन पर आईजी का स्वागत किया गया, वहीं एसपी सिद्धार्थ तिवारी द्वारा जिले में वर्तमान कानून-व्यवस्था की विस्तृत जानकारी आईजी को दी गई।

# कोटमीसोनार में मारपीट कर लोगों को जख्मी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर।** कोटमीसोनार पुलिस ने 1 फरवरी 26 की रात 11.30 बजे घर में घुसकर मारपीट करने वाले आरोपी राम साहू (24 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा। आरोपी ग्राम कोटमीसोनार थाना अकलतरा जिला जांजगीर चांपा का निवासी है। प्रकरण में जानकारी के अनुसार, आरोपी राम साहू ने प्रार्थी राजू पटेल के घर का दरवाजा लात मारकर तोड़ दिया और घर में घुस गया। आरोपी ने प्रार्थी के बेटे को अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी और ईंट के टुकड़े से हमला किया।

घटना के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कोटमीसोनार पुलिस ने तुरंत अपराध पंजीबद्ध किया और मामले की विवेचना शुरू की। पुलिस ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी को



प्राथमिकता दी गई।

पुलिस ने आरोपी को पकड़कर हिरासत में लिया और पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा। अपराध के तहत आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351(2), 115(2), 331(6) बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई है। कोटमीसोनार पुलिस ने बताया कि आरोपी का घर में घुसकर हिंसा करना और जान से मारने की धमकी देना गंभीर मामला है, जिसे किसी भी सूरत में अनदेखा नहीं किया जाएगा।

एसपी ने बताया कि कोटमीसोनार पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सतर्कता के कारण ही आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जा सका। उन्होंने आम जनता से अपील की कि किसी भी आपराधिक घटना या हिंसक गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें ताकि त्वरित कार्रवाई संभव हो सके।

## सेवा-प्रेम के लिए जाना जाता है समाजः हरप्रसाद

**शिवरीनारायण।** झेरिया यादव समाज का वार्षिक सम्मेलन यादव समाज भवन शिवरीनारायण में आयोजित हुआ। यह सम्मेलन प्रतिवर्ष माघी पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस छत्तीसगढ़ के सचिव हरप्रसाद साहू रहे।

उन्होंने कहा कि यादव समाज हमेशा अच्छी नीयत, सच्ची सेवा भावना और आत्मीय प्रेम के कारण अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। गौ माता और ग्रामीणों की सेवा में समाज का योगदान सराहनीय है। सीताराम यादव ने कहा कि यादव समाज की उन्नति हर समाज को गौरवान्वित करेगी। पार्षद सुधांशु तिवारी ने कहा कि समाज की एकता और अखंडता अनुकरणीय है। कार्यक्रम का संचालन दिलहरण यादव ने किया।

## लीनेस क्लब जांजगीर-जाज्वल्या की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



**जांजगीर चांपा।** सर्व भवन्तु सुखिनः के पावन संदेश के साथ आल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी.जी-1 स्वर्णिम सत्र 2026 के अंतर्गत लीनेस क्लब जांजगीर-जाज्वल्या का शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर मुख्य अतिथि लीनेस सुधा साव पास्ट डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट एवं विशिष्ट अतिथि एरिया ऑफिसर संध्या पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति रही । अतिथियों द्वारा भारत माता के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

नई कार्यकारिणी को अपने अपने पद एवं दायित्वों की शपथ ,शपथ अधिकारी सुधा साव द्वारा दिलवाया गया,उन्होंने कहाँ कि समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण एवं लीनेस क्लब के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु निष्ठा एवं समर्पण के साथ सेवा कार्य करना चाहिए ।विशिष्ट अतिथि एरिया ऑफिसर संध्या पाण्डेय ने नई कार्यकारिणी को उज्जवल एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि सभी सदस्य सेवा,सौहार्द और सामाजिक दायित्वों की भावना से कार्य करें । स्वागत भाषण देते हुए लीनेस नवनिर्वाचित अध्यक्ष सरिता शर्मा ने कहा कि लीनेस क्लब सेवा संगठन ही नही बल्कि मैत्री, एकता और नेतृत्व विकास का सशक्त मंच है,उन्होने पूरे सदस्यों को साथ लेके पूरी निष्ठा से सेवा कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन सचिव लीनेस जूही गौरहा ,ध्वज वंदना लीनेस प्राची पाण्डेय एवं आभार प्रदर्शन लीनेस गंगा गट्टानी द्वारा किया गया ।अंत मे अतिथियों का सम्मान शॉल, श्रीफल से लीनेस सदस्यों द्वारा किया गया ।

मुख्य अतिथि सुधा साव द्वारा जूही गौरहा को सम्मानित किया गया एवं विशिष्ट अतिथि संध्या पाण्डेय द्वारा अध्यक्ष सरिता शर्मा,सचिव जूही गौरहा एवं कोषाध्यक्ष नामिषा थवाईत को गिफ्ट भेट कर सम्मानित किया गया ।शपथ अधिकारी लीनेस सुधा साव द्वारा अध्यक्ष लीनेस सरिता शर्मा,सचिव लीनेस जूही गौरहा,कोषाध्यक्ष लीनेस नामिशा थवाईत,उपाध्यक्ष लीनेस कल्पना केशरवानी, सहसचिव लीनेस प्राची पाण्डेय,सह कोषाध्यक्ष लीनेस गंगा गट्टानी,पी. आर .ओ लीनेस मधु शर्मा,क्लब कोऑर्डिनेटर सरोज पाटनी,फेलोशिप ऑफिसर सुनीता गट्टानी ,सदस्यगण स्मृति गौरहा,प्रभा साहू,छबि जैन को शपथ दिलवाया गया।



## हादसे में आरक्षक की मौत, पत्नी को 1 करोड़ की मदद

**जांजगीर।** चांपा थाने के आरक्षक प्रह्लाद दिनकर की पत्नी को पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत एक करोड़ रुपए का बीमा चेक दिया गया है। यह राशि आरक्षक की सड़क हादसे में मौत होने पर दी गई है। योजना के तहत जिले में यह पहला मामला है, जिसमें परिजनों को आर्थिक सहायता के रूप में राशि मिली है।

जानकारी के अनुसार 16 ?सितंबर की रात आरक्षक प्रह्लाद दिनकर ड्यूटी के बाद घर लौट रहे थे। इस दौरान लच्छनपुर चौक पर सड़क हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। सोमवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शाखा नैला में बैंक प्रबंधक रवि शर्मा और वरिष्ठ अधिकारियों ने आरक्षक की पत्नी को 1 करोड़ रुपए का बीमा चेक सौंपा। इस अवसर पर एडीशनल एसपी उमेश कुमार कश्यप, डीएसपी मुख्यालय विजय पैकरा, मुख्य लिपिक दिनेश शर्मा और बैंक के अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार का हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# पॉवर कंपनी के 25 साल पूरे होने पर नगर में कार्यक्रम, उपलब्धि पर फोकस

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा नगर के कॉलेज रोड स्थित मिनीमाता मंगल भवन में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी रहीं। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति सारथी ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बिजली विभाग के कार्यपालन अभियंता राजेश कुमार चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राज्य के विद्युत क्षेत्र में हुए विकास कार्यों और योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि सत्यलता मिरी ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का गठन तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में हुआ था। राज्य गठन के बाद छत्तीसगढ़ ने शिक्षा, स्वास्थ्य और ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के माध्यम से सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सौर ऊर्जा उत्पादकों को वित्तीय छूट एवं प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के उपयोग से बिजली उत्पादन में लाभ के साथ-साथ कोयला



और जल जैसे प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी होता है। नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति सारथी ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद विद्युत लाइनों का व्यापक विस्तार हुआ है। बिजली विभाग नई तकनीक का उपयोग कर उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने बिजली विभाग के कर्मचारियों की 24 घंटे की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि विभाग सदैव उपभोक्ताओं के हित में कार्य करता है। कार्यपालन अभियंता राजेश कुमार चौहान ने कृषक जीवन ज्योति योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत किसानों को विद्युत लाइन विस्तार एवं सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें सिंचाई के लिए समय पर और पर्याप्त बिजली मिल सके। उन्होंने बताया कि जांजगीर-चांपा जिले में पिछले 25 वर्षों में निम्न दबाव के उपभोक्ताओं की संख्या में 2 लाख 81 हजार की वृद्धि हुई है। इस अवधि में 69 नए 33/11 केवी उपकेन्द्र स्थापित किए गए, 14,208 नए विद्युत पंप कनेक्शन प्रदान किए गए तथा 6 उप संभाग और 12 वितरण केंद्रों का विस्तार किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना के लाभार्थी जितेंद्र सिंह, दिलेश साहू, नित्या जैन, चंदुर वैष्णव, सत्येंद्र जैन और अंशुल गुप्ता को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समय पर बिजली बिल का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं प्रेम कुमार धीरही, सूरजमल, शिव कुमार साहू और तेज प्रताप साहू को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री बने कुर्रे

**बाराद्वार।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगडे की सहमति और जिलाध्यक्ष परदेशी खुंटे के निर्देशन में बाराद्वार नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे को सक्ती जिले का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। नारायण कुर्रे की नियुक्ति से बाराद्वार और मुक्ताराजा के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। नारायण कुर्रे ने संगठन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को और मजबूत बनाने और इसके हित में सक्रिय योगदान देने का प्रयास करेंगे।

## युवती ने कीटनाशक पीया, पुलिस ने अस्पताल पहुंचाकर बचाई जान

**नरियरा।** नगर पंचायत नरियरा के समीप ग्राम सोनसरी में 19 वर्षीय युवती ने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया, लेकिन पुलिस की तत्काल और सजग कार्रवाई से उसकी जान बच गई। घटना ने इलाके में हड़कंप मचा दिया। ग्राम सोनसरी निवासी नेहा राठौर (19 वर्ष) ने अज्ञात कारणों से घर में रखी कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। इस दौरान उसके पिता सतीश राठौर घर पर नहीं थे, जिससे युवती तुरंत उपचार के लिए वंचित हो रही थी। घटना की सूचना मुलमुला थाना प्रभारी पारस पटेल और बलवीर सिंह को मिली। उन्होंने तुरंत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर बिना देर किए युवती को अपने वाहन में लेकर नरियरा अस्पताल लाया। प्राथमिक उपचार के बाद युवती की हालत गंभीर बनी, जिसके बाद उसे समय विशेष देखते हुए अकलतरा अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों ने तत्काल उपचार शुरू किया, जिससे नेहा की हालत में सुधार हुआ और उसे नया जीवनदान मिला।

# नशीली सीरप के साथ चार आरोपी गिरफ्तार





**सक्ति।** पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर (मा.पु.से) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पंकज पटेल (रा.पु.से), एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सक्ति, भुवनेश्वरी पैंकरा (रा.पु.से) के द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध मादक पदार्थ/नशीली सीरप की बिक्री एवं परिवहन करने वालों के अपर कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है, जिसके परिपालन में दिनाक 02.02.2026 को मुखबिर सूचना पर कुछ व्यक्ति मोटर साइकिल एवं वैगनआर कार क्र. CG 13 BF 3626 में अवैध रूप से ONEREX नशीली सीरप खरसिया से अडभार रोड होते हुए पोता की ओर बिक्री करने आ रहें हैं की सूचना पर घेराबंदी कर उपरोक्त आरोपियों को पकड़े, आरोपियों से 94 नग शीशी नशीला सीरप ONEREX कुल 9 लिटर 400 मि.ली. कीमती 18894 रुपये, एक एस पी 125 मोटर साइकिल कीमती 70000 रुपये, एक वैगनआर कार क्र. C G 13 BF 3626 कीमती 2,30,000 रूपये को विधिवत जप्त कर आरोपियों को दिनांक 02.02.2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहाँ से आरोपियों को जेल भेजा गया है उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण राजपूत, साइबर सेल से निरीक्षक अमित सिंह, स.उ.नि. आदित्य सिंह, दिलीप खलखो, आरक्षक सेतराम पटेल, महेंद्र कंवर, अशोक टंडन, विनोद रात्रे, एलेक्स मिंज, गोपाल साहू, शत्रुघन जांगड़े, हरीश चंद्रा, का सराहनीय योगदान रहा।

## राष्ट्रीय फाइलेरिया कार्यक्रम 10 से 25 तक

**सक्ती।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (हाथीपांव) के तहत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलेगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 10 से 12 फरवरी तक बूथ स्तर पर स्कूल, आंगनबाड़ी, उप स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में दवा खिलाई जाएगी। इसके बाद 13 से 22 फरवरी तक मितानिन और आंगनबाड़ी कर्मचारी घर-घर जाकर दवा खिलाएंगे।

# केरेगांव विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं को दी जानकारी



**कुकरेल।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर विद्युत कंपनी द्वारा पूरे राज्यभर में 30 जनवरी से 6 फरवरी तक रजत जयंती का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को केरेगांव वितरण केंद्र में रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

समय पर बिजली बिल जमा करने करने वाले उपभोक्ता चंद्ररेखा नेताम, संतोषी बाई, माखनलाल, पुरुषोत्तम लाल यादव, जनकराम कुर्मी, धीरपाल सिंह साहू, दमयंतीबाई सलाम को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त पीएम सूर्य योजना के तहत सोलर प्लांट स्थापित करने वाले उपभोक्ता रामस्वरूप ध्रुव, प्रीतमराम साहू, तालेश्वर ठाकुर, अनूप गुप्ता को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में योगेश तारम सहायक अभियंता उप संभाग धमतरी ग्रामीण एवं केरेगांव वितरण केंद्र के वरिष्ठ यांत्रिक नहस मारकंडे, कुकरेल वितरण केंद्र के कनिष्ठ यंत्री राजेंद्र कुमार साहू, विधायक प्रतिनिधि नारद राम, केरेगांव सरपंच अकबर मांडवी, हगरू राम नेताम सहित अधिकारी-कर्मचारी, उपभोक्ता उपस्थित रहे। बता दें कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य 1 करोड़ घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना के तहत 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करने का लक्ष्य है। इसके लिए सरकार 1 किलोवाट से 3 किलोवाट क्षमता तक के सिस्टम पर सब्सिडी देती है।

## देऊर मंदिर में माघ पूर्णिमा के अवसर पर पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचे श्रद्धालु

**रिसेवाड़ा।** माघी पूर्णिमा पर ग्राम रिसेवाड़ा स्थित प्राचीन देऊर मंदिर में श्रद्धा का सुबह से तांता लगा रहा। श्रद्धालु शिव-पार्वती व नरसिंह भगवान की विधिवत पूजा कर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। ग्रामीणों ने बताया देऊर मंदिर की स्थापना प्राचीन काल में हुई थी और यह मंदिर वर्षों से ग्रामवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां प्रतिवर्ष माघी पूर्णिमा के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इस वर्ष भी ग्राम रिसेवाड़ा में देवी-देवताओं की उपस्थिति में माघी पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य एवं कृषि सभापति कांति पटेल, अजीत सिन्हा, सोहन पटेल, भुवन जैन, थानूराम पटेल, धनराज मरकाम, घसिया दरो, सरदार मंडावी, ब्रिज जैन, अमृत मंडावी, बनराज वट्टी आदि उपस्थित थे।




न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा.) सक्ती, जिला- सक्ती (छ.ग.)

// ईश्तहार//

क्रमांक/अनु. अधि./रीडर/2025
सक्ती, दिनांक ..........................
रा.प्र.क्र./अ-2/2025-26
ग्राम- नयाबाराद्वार, तहसील-नयाबाराद्वार

एतद् द्वारा आम जनता साकिन सक्ती तहसील सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि श्री नारायण प्रसाद अग्रवाल पिता सीताराम अग्रवाल लिंग पुरूष निवासी नयाबाराद्वार तहसील नयाबाराद्वार जिला-सक्ती (छ.ग.) के द्वारा उनके नाम पर ग्राम नयाबाराद्वार तहसील नयाबाराद्वार जिला-सक्ती में स्थित भूमि ख.नं. 604/1 रकबा 0.048 हे. भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन उपयोग हेतु व्यपवर्तन किये जाने के लिए इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदक के उक्त भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन उपयोग हेतु किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 11.02.2026 को स्वयं या जरिये अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। पेशी तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

(सील) सक्षम प्राधिकारी अ.वि.अ.(रा.) सक्ती, जिला- सक्ती (छ.ग.)



महत्वपूर्ण सूचना

एतद् द्वारा सर्वासाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार श्री श्याम कुमार (आधार) क्र. - 534278789402), उम्र लगभग 56 वर्प, आत्मज स्व. श्री तुलसीराम, निवासी- ग्राम अगारखार, वॉर्ड क्र. - 43, जमनीपाली, तह. - दर्री, जिला - कोरबा (छ.ग.), के पिताजी श्री तुलसीराम आत्मज स्व. श्री चिंताराम द्वारा अपने जीवनकाल में लगभग 50 वर्ष पूर्व, श्री टेकसिंह ( आधार - 6737 8801 6922 ), उम्र लगभग 75 वर्प, आत्मज स्व. श्री अनूपसिंह, निवासी - ग्राम - अगारखार, वॉर्ड क्र. 43, जमनीपाली, तह. - दर्री, जिला - कोरबा (छ.ग.), के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम अगारखार, प.ह.नं. - 21, रा.नि.मं., तह. एवं जिला - कोरबा (छ.ग.), की भूमि खसरा नं.449/2 में से रकबा 0.32 एकड़ (बत्तीस डेसीमल ) (आगे सम्पत्ति से सम्बोधित) (भूमि की चौहद्दी - पूर्व तुलसी साय की भूमि, पश्चिम - रास्ता एवं तीजलाल कँवर की खाली भूमि, उत्तर - विश्वनाथ किराना स्टोर. दक्षिण प्यारे सिंह कँवर की भूमि), क्रय कर अर्जित की गई है. विक्रय मूल्य की समस्त राशि श्री टेकसिंह द्वारा श्री तुलसीराम से अर्जित कर ली है, तथा सम्पत्ति का भौतिक आधिपत्य भी श्री टेकसिंह द्वारा श्री तुलसीराम को प्रदान कर दिया गया था. तब से उक्त भूमि पर श्री तुलसीराम आत्मज स्व. श्री चिंताराम एवं उनके परिजनों मेरे पक्षकार श्री श्याम कुमार का ही आधिपत्य है।

मेरे पक्षकार को प्राप्त जानकारी अनुसार कुछ व्यक्तियों द्वारा दुर्भावना पूर्वक मेरे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य की उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है.

इस सूचना के प्रकाशन के माध्यम से आपको / सर्वसाधारण को सूचित / सावधान किया जाता है, कि मेरे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य की उपरोक्त वर्णित ग्राम - अगारखार, प.ह.नं. - 21, रा.नि.मं., तह. एवं जिला कोरबा (छ.ग.), की भूमि खसरा नं. 249/2 रकबा 0.32 एकड़ (बत्तीस डेसीमल) (वर्तमान खसरां 249/5 एवं 249/6), के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का कोई लेन देन / सम्व्यवहार न करें. ऐसे किसी सम्व्यवहार के कारण होने वाली किसी भी क्षति के सम्बन्ध में सम्बन्धित व्यक्ति ही दायित्वाधीन रहेंगे. उपरोक्त वर्णित भूमि के समस्त दस्तावेज मेरे कार्यालय में सुरक्षित हैं.

वीरेन्द्र नारद
अधिवक्ता, कोरबा ( छ.ग. )


# संस्कारयुक्त शिक्षा से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभवःअमर सुल्तानिया

## कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया

**जांजगीर - चाम्पा।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय, चाम्पा (हटरी) में आयोजित वार्षिकोत्सव गरिमामय वातावरण और उल्लासपूर्ण प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर जांजगीर-चाम्पा जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जशपुर जिला संगठन प्रभारी अमर सुल्तानिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चाम्पा नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने की व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष थवाईत, पार्षद विनिता किशोर मोदी, डॉ. अजय थवाणी मौजूद रहे। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे परिसर में उत्साह का संचार कर दिया।

मुख्य अतिथि अमर सुल्तानिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर जैसे विद्यालय केवल शिक्षा नहीं देते, बल्कि बच्चों में संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम के बीज बोते हैं। उन्होंने कहा कि जब शिक्षा संस्कारों से जुड़ती है, तभी समाज और राष्ट्र का भविष्य मजबूत बनता



है। बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्होंने आचार्यगणों के समर्पण को नमन किया और कहा कि इन्हीं प्रयासों के कारण आज अभिभावकों का भरोसा शिक्षा संस्थानों पर बना हुआ है।

मुख्य अतिथि के पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चाम्पा नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार बच्चों के सर्वांगीण विकास की नींव होते हैं। उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा वर्षों से किए जा रहे शैक्षिक एवं सांस्कृतिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सामाजिक चेतना को मजबूत करते हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। बच्चों ने देशभक्ति, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक मूल्यों पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित जनों ने तालियों के साथ सराहा। बच्चों की प्रतिभा और अनुशासन को देखकर यह विश्वास और गहरा हुआ कि आने वाला समय सक्षम हाथों में है।

इस अवसर पर हनुमान प्रसाद देवांगन, व्यवस्थापक डॉ. शांति कुमार सोनी, प्राचार्य अश्विनी कश्यप, प्रधानाचार्य रविशंकर गबेल, सुनील पाण्डेय, विजय देवांगन, शिवचंद देवांगन, राजेन्द्र ठाकुर, रविन्द्र सराफ, गोपीचंद बरेठ, कमल देवांगन एवं धन कुमार देवांगन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के आचार्य वृंद एवं प्रबंधन समिति ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा सफल आयोजन के लिए सहयोग देने वालों को धन्यवाद दिया।

## अनमोल वचन......

**या तो पढ़ने लायक कुछ लिखो या लिखने लायक कुछ करो।**

## न्याय की व्यापक समझ को तिलांजलि

समस्या आनुपातिक समानता के नाम पर दशकों से चल रही वो राजनीति है, जिसमें न्याय की व्यापक समझ को तिलांजलि दे दी गई है। इस सोच ने समाज को पुरानी जकड़नों में और भी मजबूती से बांध डाला है। उच्च शिक्षण संस्थानों में कथित जातीय भेदभाव को दूर करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों ने नई सामाजिक हलचल पैदा कर दी है। इससे संबंधित अपने आरंभिक ड्राफ्ट में आयोग ने दो बदलाव किए। उससे ये मामला भड़का है। शुरुआती ड्राफ्ट में अनुसूचित जातियों और जनजातियों के साथ जातीय आधार पर भेदभाव के मामलों में कार्रवाई की प्रक्रिया शामिल थी। उसमें यह प्रावधान भी था कि गलत शिकायत दर्ज कराने वाले छात्र (या कर्मचारी) पर क्या कार्रवाई होगी। ड्राफ्ट का समाज के एक हिस्से की तरफ से विरोध हुआ। उसके दबाव में आकर यूजीसी ने एक तो संभावित उत्पीड़न का शिकार होने वाले समूहों में ओबीसी जातियों को शामिल कर दिया और दूसरे गलत शिकायत से संबंधित प्रावधान को हटा दिया।

नतीजा सामान्य श्रेणी वर्ग में गहरे असंतोष के रूप में सामने आया है। इन समूहों की दलील है कि जाति आधारित भेदभाव का शिकार वो भी होते हैं। इस समझ के मुताबिक जातिगत भेदभाव ताकत एवं प्रभाव की स्थिति में मौजूद हर अधिकारी कर सकता है, भले वह किसी जाति से आया हो। उनके मुताबिक यूजीसी इक्विटी विनियमन 2026 की भाषा ऐसी है, जिससे संदेश जाता है कि हर मामले में उत्पीड़क सामान्य श्रेणी के लोग ही होते हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक यूजीसी इस तर्क से सहमत नहीं है और जल्द ही वह इस बारे में स्पष्टीकरण जारी करेगा। अगर ये खबर सच है, तो अपेक्षित होगा कि यूजीसी फौरन ऐसा करे। वरना, ये विवाद एक नई सामाजिक अशांति का कारण बनता नजर आ रहा है। वैसे, इस तरह के मामलों में तमाम तरह के स्पष्टीकरणों की अपनी सीमा है। समस्या आनुपातिक समानता के नाम पर दशकों से चल रही वो राजनीति है, जिसमें न्याय की व्यापक समझ को तिलांजलि दे दी गई है। इस सोच ने समाज को पुरानी जकड़नों में और भी मजबूती से बांध डाला है। चूंकि इस सोच में जाति के अलावा पिछड़ेपन, शोषण, एवं भेदभाव के कहीं अधिक मूलभूत दूसरे कारणों को सिरे से नजरअंदाज किया गया है, इसलिए जकड़नों को तोड़ कर आगे बढ़ने की दृष्टि और सामाजिक प्रगति के रास्ते बाधित हो गए हैं।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लेंगे। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी। आज आपको किसी मामलों में जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा।

**वृष राशि :** आपके लिए आज का दिन शुभ है। आज आप कामकाज निपटाने में बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत होगी, इससे आपको अच्छा समाधान मिलेगा। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लगेगा। आज अपनी वाणी में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात के योग बन रहे हैं।

**मिथुन :** आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज भाई या बहन से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा लगेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाए आज ऑलाईन नयी डिश सीखने की कोशिश करेंगी। पिता का सहयोग आपके साथ रहेगा। लेखकों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है, उनके लेखन कार्यो की सराहना होगी। साथ ही आज के दिन आप कहानी लिखने की शुरुआत करेंगे।

**कर्क राशि :** आज का दिन आपके लिए आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिल सकती है। आपकी सलाह से दूसरों को फायदा होगा। आज आपको नए इनकम सोर्स मिल सकते हैं। कामकाज में आपकी रुचि और बढ़ेगी। आज आपका बिजनेस अच्छा चलेगा।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले कुछ समय के लिए रुक सकते है, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा। आज आपको किसी दोस्त का सहयोग मिलेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को और खुशनुमा बनायेगा। आज आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। आप नया कारोबार शुरू करने की सोच रहे हैं तो किसी अनुभवी की सलाह जरूर लें, आपको अच्छी राय मिलेगी।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह जरूर ले। आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे। छात्र आज अपने करियर को लेकर योजना बनायेंगे, बच्चों को सही गाइडेंस की जरूरत है।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आज धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी समस्या खत्म होने के योग हैं। आप नए सिरे से कोशिश करेंगे तो आप सफल हो सकते हैं। आज दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर आप सेंसिटिव हो सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना बेहतर साबित होगा। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा। आज ऑफिस में नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे।

**धनु राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वे काम समय पर पूरा हो जायेंगे। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेंगे। नयें व्यापार को शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिये शिक्षकों की सहायता लेंगे, जो आगे चलकर बेहद काम आयेंगी।

**मकर राशि :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप अपने घर का डेकोरेशन फेस्टिवल के अनुसार करेंगे। आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए।

**कुंभ राशि :** आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। सभी आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे, वो अपने लिये नया खेल तलाश करेंगे। सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी। दोस्त शाम के लिए बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन खुशनुमा कर देंगे।

**मीन राशि :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बडों की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्ते में नयापन आयेगा। सामाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। भाई-बहन के साथ घर पर मूवी देखने का प्लान बनायेंगे। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा।

# शिक्षक अब पाठ्येत्तर कार्यों के लिए हैं

//अजीत द्विवेदी//

**शिक्षक का मूल कार्य अध्ययन और अध्यापन है। भारत के सरकारी स्कूलों के शिक्षक अध्ययन का काम पहले ही काफी हद तक छोड़ चुके थे और अब अध्यापन का काम भी नाममात्र का रह गया है। शिक्षक अब स्कूलों में पढ़ाने के लिए नहीं हैं, बल्कि पाठ्येत्तर कार्यों के लिए हैं। उनके ऊपर इतने कामों की जिम्मेदारी लाद दी गई है कि वे बच्चों को पढ़ाने के लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं। सरकारी स्कूलों की शिक्षा का स्तर लगातार कम होता जा रहा है तो इसका एकमात्र कारण यह नहीं है कि शिक्षक अच्छे नहीं हैं या शिक्षकों के प्रशिक्षण की अच्छी व्यवस्था नहीं है।**

वह कई कारणों में से एक कारण है। असल में सरकारी स्कूलों की कार्यों की सूची में अध्यापन का कार्य प्राथमिकता में नहीं है। उन्हें स्कूल से बाहर और स्कूल में भी कई दूसरे काम करने हैं, जिनका पढ़ाई-लिखाई से कोई मतलब नहीं है। जैसे अभी 12 राज्यों और केंद्र शासित राज्यों के शिक्षक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के काम में लगे हैं। कुछ राज्यों के शिक्षक स्थानीय निकायों के चुनाव करा रहे हैं। इस साल और अगले साल दो चरणों में जनगणना का काम होगा और शिक्षक उसमें लगा दिए जाएंगे। पांच राज्यों के चुनाव भी हैं तो मतदान कराने से लेकर मतगणना तक उन राज्यों के सरकारी शिक्षक उसमें व्यस्त हो जाएंगे। वैसे उन राज्यों के स्कूल भी चुनाव के लिए आरक्षित होंगे। कहीं सुरक्षा बलों को ठहराया जाएगा तो कहीं मतदान केंद्र बनेंगे तो कहीं मतगणना केंद्र बनाए जाएंगे।

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण या संक्षिप्त पुनरीक्षण या मतदान और मतगणना या जनगणना जैसे कामों की सूची बेहद लंबी है, जो शिक्षकों को करना होता है। एक अनुमान के मुताबिक अध्ययन और अध्यापन के अलावा शिक्षकों को स्कूल के बाहर डेढ़ दर्जन किस्म के अन्य सरकारी काम करने होते हैं। एक शिक्षक ने तंज करते हुए सोशल मीडिया में लिखा था कि अच्छा है कि सरकार खेती नहीं कराती है अन्यथा बुवाई, कटाई का काम भी शिक्षकों को करना होता।

बहरहाल, सरकार परिवार और स्वास्थ्य का सर्वे करती है तो वह काम शिक्षक करते हैं, सरकार पशुओं की गिनती कराती है तो वह काम शिक्षक करते हैं, सरकार किसी आपदा की स्थिति में राहत सामग्री बांटती है तो वह काम भी शिक्षकों के जिम्मे होता है, किसी बीमारी या टीके के लिए जागरूकता फैलानी है तो उसका जिम्मा भी शिक्षकों के ऊपर होता है, सफाई अभियान चलाना है तो उसमें शिक्षकों को आगे किया जाता है, यहां तक कि सत्तापक्ष के किसी बड़े नेता की रैली होती है तो उसमें भी शिक्षकों को बस में भर कर रैली में जाना होता है। केंद्र और राज्य सरकारों के अलावा जिले के कलेक्टर, प्रखंड के बीडीओ और पंचायत के मुखिया भी शिक्षकों को किसी न किसी काम में लगाए रहते हैं।

स्कूल के बाहर शिक्षकों को जो डेढ़ दर्जन अलग अलग किस्म के काम करने होते हैं उसके बाद ऐसा नहीं है कि बचे हुए समय में उनको स्कूल में बच्चों को पढ़ाना है। स्कूल में उनको डेढ़ दर्जन अलग किस्म के काम करने हैं, जो अध्ययन और अध्यापन से इतर हैं। मिसाल के तौर पर मिड डे मील तैयार करना एक काम होता है। एक से ज्यादा शिक्षक तो इसी में लगे रहते हैं। राशन खरीदने से लेकर खाना तैयार कराना और बच्चों को खिलाना स्कूलों में प्राथमिकता का काम है। जब से सरकार को लगने लगा है कि मास्टर लोग राशन में गड़बड़ी करते हैं तब से गड़बड़ी नहीं होने के सबूत जुटाना यानी हर चीज का हिसाब रखना, वीडियो आदि बनाना, डैशबोर्ड पर अपलोड करना भी शिक्षकों का जिम्मा हो गया है।

एक समय सरकार को लगा कि बच्चे सिर्फ खाने आते हैं या बच्चों की असली संख्या कम होता है और ज्यादा बच्चों के लिए खाना बनाने के नाम पर पैसे की गड़बड़ी होती है तब से शिक्षकों को यह काम भी दिया गया कि वे मिड डे मील खाने वाले बच्चों का फेशियल रिकग्निशन करें और उनकी वीडियो तैयार करें ताकि पुष्टि हो सके कि जिस बच्चे का नाम रॉल में है उसने स्कूल में खाना खाया। सो, मिड डे मील का मामला अब राशन खरीदने, खाना बनवाने और खिलाने के काम से काफी आगे बढ़ गया है। इस बीच तमिलनाडु सहित 12 राज्यों ने प्रस्ताव दिया है कि अगर स्कूलों में बच्चों को सुबह का नाश्ता भी दिया जाए तो उनका बेहतर पोषण होगा, उपस्थिति बढ़ेगी और पढ़ाई में उनका मन भी लगेगा। केंद्र सरकार इस पर विचार कर रही है। केंद्र और राज्य सरकारों को इसे भी लागू कर ही देना चाहिए ताकि शिक्षकों को पढ़ाने के काम से पूरी तरह से मुक्ति मिल जाए। ऐसा नहीं है कि इतने पर भी शिक्षकों की जिम्मेदारी समाप्त हो जाती है। उन्हें और भी कई काम करने होते हैं। मान लीजिए कि शिक्षा मंत्री शिक्षा से जुड़े किसी कार्यक्रम को संबोधित करते हैं तो स्कूलों से कहा जाता है कि उनका भाषण बच्चों को सुनाया जाए ताकि वे 'लाभान्वित' हो सकें। केंद्रीय विद्यालयों में केंद्रीय शिक्षा मंत्री का भाषण सुनाया जाता है तो राज्यों के स्कूलों में राज्य के शिक्षा मंत्री का भाषण सुनाया जाता है। प्रधानमंत्री का भाषण तो सभी स्कूलों में सुनाया जाता है। भाषण सुनाने की व्यवस्था करने में कम से कम दो कक्षाएं प्रभावित होती हैं। लेकिन इतने पर काम खत्म नहीं होता है।

भाषण सुनते बच्चों की वीडिया बना कर उनको ऊपर भेजना होता है और किसी निर्धारित पोर्टल पर अपलोड भी करना होता है। यह काम हर सरकारी फंक्शन के बाद करना होता है। राष्ट्रीय दिवस का कार्यक्रम हो या नवाचार के नाम पर शुरू की गई किसी पहल का कार्यक्रम हो। उसे आयोजित करना, उसकी वीडियो बनाना और उसे अपलोड करना शिक्षकों की जिम्मेदारी होती है। शिक्षकों को इवेंट मैनेजर बना दिया गया है। उनको कार्यक्रम आयोजित करने, उसे सफल बनाने और उसके वीडियो अपलोड करने से फुरसत नहीं मिलती है। ग्रामीण और छोटे कस्बों में तो ज्यादातर स्कूल दो या तीन शिक्षकों के साथ चलते हैं। उन स्कूलों में तो शिक्षकों को पढ़ाने की फुरसत कभी नहीं मिल पाती है।

एनसीईआरटी के निदेशक रहे देश के जाने माने शिक्षाविद् प्रोफेसर कृष्ण कुमार ने दो महीने पहले 'एक अग्रेजी अखबार' में एक लेख लिखा था, जिसका शीर्षक था 'इन इंडिया, व्हाई टीचर्स आर वॉकिंग अवे फ्रॉम द क्लासरूम'। इसमें उन्होंने यूनेस्को की एक रिपोर्ट का हवाला दिया था, जिसका टाइटल 'व्हेअर हैव ऑल द टीचर्स गॉन' था। इसमें यूनेस्को ने दुनिया भर में उभर रहे एक ट्रेंड का हवाला दिया था। दुनिया भर के देशों में पिछले दो दशक में अलग अलग कारणों से शिक्षक अपनी नौकरी छोड़ रहे हैं। ऐसा नहीं है कि दूसरी नौकरी मिलने पर वे शिक्षक की नौकरी छोड़ रही हैं। वे स्कूलों में नौकरी करने की बजाय बेरोजगारी और अनिश्चितता का भविष्य चुन रहे हैं। यह बहुत भयावह ट्रेंड है। ऐसा करने के कई कारणों में एक कारण स्कूलों में बच्चों का बदलता व्यवहार भी है।

अच्छे शिक्षकों के लिए अब बच्चों को स्कूलों में हैंडल करना दिन प्रतिदिन मुश्किल होता जा रहा है। एक कारण स्कूलों की दशा भी है। लेकिन एक बड़ा कारण नौकरशाही है, जिसका ऊपर जिक्र किया गया है। शिक्षकों को पढ़ाने से ज्यादा प्रबंधन के काम में लगा दिया गया है। उन्हें कार्यक्रम आयोजित करने हैं, कार्यक्रमों की वीडियो बनानी है, उन्हें सरकारी पोर्टल पर अपलोड करना है, अलग अलग कार्यों की रिपोर्ट तैयार करनी है, उस रिपोर्ट को सरकारी दफ्तरों में भेजना है, नेताओं व अधिकारियों के भाषण सुनने हैं, उन भाषणों में कही गई उलजुलूल बातों को स्कूल में बच्चों को बताना है, इन सब कारणों से अच्छे शिक्षकों का मोहभंग हो रहा है। वे स्कूल छोड़ रहे हैं। जो बचे रह जा रहे हैं वे अध्ययन या अध्यापन का काम नहीं कर रहे हैं, बल्कि नौकरी कर रहे हैं।

शिक्षकों को क्लर्क या मैनेजर बना दिया गया है। उन्हें बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के तरीके खोजने के लिए प्रेरित नहीं किया जाता है। उन्हें बच्चों में रचनात्मकता लाने के लिए प्रेरित नहीं किया जाता है। उन्हें बच्चों के समग्र विकास पर ध्यान देने की बजाय प्रबंधकीय कार्यों में लगाया जाता है। उनको मजबूर किया जाता है कि वे प्रबंधकीय कार्यों का सबूत इकट्ठा करें नहीं तो उनके खिलाफ कार्रवाई हो जाती है। उन्हें बच्चों को पढ़ाने और जीवन संघर्षों के लिए तैयार करने की बजाय इस पर ज्यादा ध्यान देना होता है कि डैशबोर्ड पर बने चेक लिस्ट में कितने खानों में सही का निशान लगा है। उससे उसकी परफॉर्मेंस रिपोर्ट तैयार होती है। सरकारों द्वारा तैयार कराए गए डिजिटल रिसोर्स यूज करने का दबाव शिक्षकों पर होता है। अगर कोई शिक्षक अपनी रचनात्मकता दिखाना चाहे तो उसके लिए कोई स्पेस नहीं होता है। इससे अच्छे शिक्षकों में फ्रस्ट्रेशन बढ़ रही है और वे नौकरी छोड़ रहे हैं तो बाकी शिक्षक की नौकरी कर रहे हैं। दोनों ही स्थितियों में नुकसान बच्चों का है।

# भारत और ईयू में मुक्त व्यापार संधि

//डॉ. सुधीर सक्सेना//

**लगभग दो दशक की कवायद के बाद भारत और यूरोपीय यूनियन (ईयू) के मध्य मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) पर हस्ताक्षर हो गए। इस संधि के अमल में आने में यद्यपि थोड़ा समय लगेगा, लेकिन अमेरिका के टैरिफ युद्ध के मटमैले साये में यूरोपीय देशों के लिए भारत के विशाल बाज़ार के दरवाजे खुल गए हैं और कुछ ही बरसों में भारतीय बाज़ार यूरोपीय साजो-सामान से पट जाएंगे। इसके फलस्वरूप भारतीय उपभोक्ताओं को फ्रेंच वाइन समेत तरह-तरह की शराब और कारों के विकल्प सस्ती कीमतों पर उपलब्ध होंगे। भारतीय महिलाएँ इस बात पर इतराएँगी कि अब उन्हें यूरोपीय सौंदर्य प्रसाधन और परिधान बेहतर गुणवत्ता के साथ कम कीमतों पर मिल सकेंगे।**

गौरतलब है कि भारत और यूरोपीय यूनियन के मध्य एफटीए के लिए वार्ता की शुरुआत डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्वकाल में वर्ष 2007 में हुई थी। वर्ष 1992 में मास्त्रिख्त संधि के बाद अगले ही वर्ष रोम में सात देशों की मौजूदगी में ईयू अस्तित्व में आया था। वर्ष 2009 में लिस्बन समझौते से इसे गति और विस्तार मिला। आज यूरोप-महाद्वीप के 27 देश इसके सदस्य हैं। बेल्जियम में इसका मुख्यालय है। इसका ध्येय-वाक्य है–'अनेकता में एकता'। इसकी मुद्रा यूरो है, अपना राष्ट्रगान है और वैश्विक साख है। पाबंदियों और टैरिफ के अनिश्चित और नाजुक दौर में ईयू की महत्ता बढ़ गई है। इस बीच एक बड़ी घटना यह भी हुई कि यूके वर्ष 2020 में ईयू से बाहर हो गया, लिहाज़ा इस दूरगामी महत्व की संधि का लाभ उसे नहीं मिलेगा। ईयू की अध्यक्ष उर्सुला फ़ॉन डेर लेयेन और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हस्ताक्षरित एफटीए को भारत और यूरोप के मध्य कारोबार के लिहाज़ से 'मील का पत्थर' माना जा सकता है। डोनाल्ड ट्रंप के दंभ और धमकियों के दौर में इस संधि को यूरोपीय देशों की उद्योग-धंधों के लिए 'बूस्टर डोज़' कहा जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने इंडिया एनर्जी वीक का आभासी उद्घाटन करते हुए कहा कि यह संधि 'सभी सौदों की जननी' है। उनका कहना था कि यह डील भारत में कपड़ा, रत्न, आभूषण, चमड़ा और जूट जैसे विभिन्न क्षेत्रों को फायदा पहुँचाएगी। उन्होंने कहा कि यह करार भारत की उत्पादन क्षमता को सुदृढ़ करेगा और सर्विस सेक्टर को नया संबल देगा।इस महत्वपूर्ण संधि के तत्काल लागू न होने का कारण यह है कि पहले ईयू के सदस्य देशों की भाषाओं–जैसे फ्रेंच, जर्मन, इतालवी आदि–में इसका कानूनी दस्तावेज प्रकाशित होगा और फिर सभी धाराओं की सदस्य देशों में 'लीगल स्क्रबिंग' होगी। तत्पश्चात यूरोपीय परिषद की औपचारिक मंजूरी और यूरोपीय संसद की सहमति आवश्यक है। इसके बाद भारतीय संसद की पुष्टि के उपरांत यह संधि लागू होगी। इन प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद इसके इस वर्ष के भीतर अमल में आने की उम्मीद की जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ पुष्परंजन मानते हैं कि इस बूस्टर डोज़ से ईयू के सदस्य देशों को बहुविध लाभ होगा। उनका मानना है कि भारत ने किसी भी व्यापारिक सहयोग को इतनी बड़ी ट्रेड ओपनिंग पहले कभी नहीं दी। उनकी बात की पुष्टि यूरोपीय कमीशन के आधिकारिक बयान से होती है। इससे यूरोपीय देशों के माल की भारतीय बाज़ारों में पहुँच और खपत आसान हो जाएगी। कमीशन ने एक चार्ट के ज़रिये वर्ष 2024 के आकलन के आधार पर बताया है कि मशीनरी और इलेक्ट्रिक उपकरणों पर उसे 16.3 बिलियन यूरो टैरिफ देने पड़े थे। अब इसके शून्य होने से बड़ा लाभ होगा। इसी तरह विमान और अंतरिक्ष यान निर्यात पर प्रदत्त 11 प्रतिशत के मान से 6.4 अरब यूरो की बचत होगी। कल्पना कीजिए कि मशीनरी पर 44 प्रतिशत, रसायनों पर 22 प्रतिशत और फार्मास्यूटिकल्स पर 11 प्रतिशत टैरिफ यदि शून्य हो जाता है, तो यूरोपीय कंपनियों को कितना मुनाफा होगा। ऑप्टिकल, मेडिकल और सर्जिकल उपकरणों पर 27.5 प्रतिशत टैरिफ यदि हट जाए तो करीब तीन बिलियन यूरो बचेंगे। प्लास्टिक पर जीरो टैरिफ से दो बिलियन से अधिक की बचत होगी। यदि लोहे और इस्पात पर 22 प्रतिशत टैरिफ निरस्त होता है तो डेढ़ अरब यूरो से अधिक की बचत होगी। संधि से पहले पारस्परिक कारोबार से आठ लाख नौकरियों का समर्थन मिलता रहा है, अब इसमें भारी बढ़ोत्तरी होगी।इस संधि से यूरोपीय किसानों की बाँछें खिलना स्वाभाविक है, क्योंकि एग्रो-फूड पर 36 प्रतिशत शुल्क में कमी से उन्हें बड़ा बाज़ार मिलेगा। संधि से मदिरा प्रेमी भी खुश होंगे, क्योंकि वाइन पर 150 प्रतिशत टैक्स घटकर 30 प्रतिशत पर आ जाएगा। बीयर पर टैक्स 110 प्रतिशत से 50 प्रतिशत होगा। लगभग 350 तरह के फलों, फलों के रस, चॉकलेट, ब्रेड, पेस्ट्री, सॉसेज और मांसाहारी व्यंजनों पर भी टैरिफ घटने से ये भारतीयों को सस्ते में मिलेंगे।फिलहाल यूरोपीय संघ के देशों में इस संधि के नफे-नुकसान पर बहस जारी है। ईयू की अध्यक्ष उर्सुला का कहना है कि इस संधि से लाखों नौकरियाँ सृजित होंगी। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा कहते हैं कि हम दो अरब लोगों के लिए बाज़ार बना रहे हैं। अब यक्ष प्रश्न यह है कि क्या भारतीय कंपनियाँ और किसान आयातित चीज़ों की बाढ़ के बीच यूरोपीय मानकों और प्रतिस्पर्धा का सामना कर सकेंगे। देखना दिलचस्प होगा कि भारत के 140 करोड़ और यूरोप के 45 करोड़ लोगों के लिए एफटीए कितना बड़ा अवसर लेकर आता है। पुष्परंजन का यह सवाल वाजिब है कि यह भी देखना होगा कि इस संधि का भारत-अमेरिका और भारत-चीन संबंधों व व्यापार पर क्या असर पड़ता है।

## भारत को तुर्की से सीखना चाहिए

भारत के सामने एक मॉडल तुर्किए का है, जिसने न सिर्फ अपने को अपनी हथियार जरुरतों में आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि दुनिया के अनेक देशों को ड्रोन सहित अपने हथियार बेच रहा है। उसने पिछले 40 साल में इतने सुनियोजित तरीके से यह काम किया है कि भारत को उससे सीखना चाहिए। भारत ने भी देखा कि कैसे ऑपरेशन सिंदूर के समय तुर्किए से मिले ड्रोन से पाकिस्तान लड़ रहा था। अब भी उसी के ड्रोन गाहे बगाहे पाकिस्तान सीमा पर दिखते हैं। उसने सातवें दशक में साइप्रस संकट के समय अमेरिका और यूरोप ने उसको हथियार देने पर पाबंदी लगा दी थी। उसके बाद ही उसने अपने को आत्मनिर्भर बनाने का फैसला किया और 1985 में प्रेसिडेंसी ऑफ डिफेंस इंडस्ट्रीज के नाम से एक केंद्रीय संस्था बनाई। उसके बाद पिछले चार दशक में तुर्किए ने अलग ही पहचान बना ली है। भारत भी इस मॉडल पर काम कर सकता है। इस मॉडल की कुछ खास बातें हैं। जैसे तुर्किए ने दूसरे देशों के साथ जो भी हथियार सौदा किया उसमें प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की अनिवार्य शर्त रखी। उसने अमेरिका, जर्मनी, इटली आदि से हथियारों का सौदा किया तो उसके लोकल प्रोडक्शन और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की शर्त रखी। उसने स्थानीय इंजीनियरों द्वारा उत्पादन की भी शर्त रखी। सोर्स कोड और डिजाइन पर अधिकार किया और लडाकू विमान से लेकर हेलीकॉप्टर और गाइडेड मिसाइल जैसी कई चीजों के उत्पादन का लाइसेंस हासिल किया। इसके बाद उसने ड्रोन क्रांति की, जिसमें निजी कंपनियों को शामिल किया। रक्षा उत्पादन में भी तुर्किए ने पब्लिक और प्राइवेट पार्टनरशिप में काम किया। लेकिन ड्रोन का पूरा क्षेत्र निजी कंपनियों को दिया और यह सुनिश्चित किया कि वे उत्पादन करें, बिकवाने की गारंटी उसकी होगी। यानी तुर्किए उनके लिए बाजार और ग्राहक जुटाएगा। आज स्थिति यह है कि अपनी रक्षा जरुरतों के मामले में तुर्किए 80 फीसदी आत्मनिर्भर है।


## तस्वीरों की दुनिया



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में भाषण दिया।




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में भाषण दिया।



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नई दिल्ली में संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में भाषण दिया।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पार्टी नेता तृणमूल कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी और पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी के साथ, नई दिल्ली के चाणक्यपुरी में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन मुद्दे पर पार्टी के विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में कड़ी सुरक्षा के बीच बंगा भवन के बाहर पहुंचीं।

# ये फादर ऑफ ऑल डील्स नहीं हो सकता, ट्रंप ने भारत पर घटाया टैरिफ तो क्या बोली कांग्रेस ?




**नईदिल्ली, 03 फरवरी ।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप द्वारा अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते की घोषणा के बाद कांग्रेस ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री ने आखिरकार हार मान ली है। यह फादर आफ आल डील्स नहीं हो सकता। मिस्टर इंडिया फिल्म के एक संवाद का हवाला देते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा- स्पष्ट है कि मोगैंबो खुश है। इससे पहले भारत और यूरोपीय संघ के मुक्त व्यापार समझौते को मदर आफ आल डील्स कहा जा रहा था।भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर द्वारा प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच बातचीत की पुष्टि किए जाने के बाद भी कांग्रेस ने सरकार पर हमला बोल दिया था। विपक्षी पार्टी ने कहा कि ऐसा लगता है कि भारत को अपनी सरकार की गतिविधियों की जानकारी केवल ट्रंप या उनके द्वारा नियुक्त अधिकारियों से ही मिलती है। एक्स पर एक पोस्ट में गोर ने कहा था कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अभी-अभी प्रधानमंत्री मोदी से बात की है।

देखते रहिए। उस समय तक भारत सरकार की ओर से बातचीत का कोई विवरण नहीं दिया गया था, लेकिन बाद में पीएम मोदी ने खुद एक्स पर पोस्ट कर वार्ता की जानकारी दी। सर्जियो गोर की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप ने आज आपस में बात की। यह जानकारी भारत सरकार की तरफ से नहीं, बल्कि भारत में अमेरिकी राजदूत ने दी है। अब तो यही आम बात हो गई है- भारत को अपनी सरकार की गतिविधियों की जानकारी सिर्फ राष्ट्रपति ट्रंप या उनके नियुक्त अधिकारियों से ही मिलती है। ट्रंप-निर्भरता!

# व्यापार समझौते से दोनों देशों को लाभ भारत-अमेरिका संबंध पर क्या बोले- गृह मंत्री

**नईदिल्ली, 03 फरवरी [एजेंसी]।**



राजनीति और उद्योग जगत के दिग्गजों ने सोमवार को राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप द्वारा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि अनिश्चित भू-राजनीतिक परिदृश्य में भारत ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर लिया है। इस व्यापार समझौते के तहत अमेरिका ने भारत पर टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि भारत-अमेरिका संबंधों के लिए आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि व्यापार समझौते को अंतिम रूप दे दिया गया है। इससे मजबूत व्यापारिक संबंधों और आपसी विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यह समझौता हमारी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा और दोनों देशों को लाभ पहुंचाएगा।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता दोनों देशों को उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाएगा। यह दोनों पक्षों के लिए जीत की तरह है। दोनों देशों के नागरिकों और उद्योगों को इस समझौते से बहुत लाभ मिलेगा।आइएएनएस के अनुसार, आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने एक्स पर लिखा- पहले यूरोपीय संघ के साथ मदर आफ ऑल डील्स। अब अमेरिका के साथ फादर आफ आल डील्स। मोदी सरकार की महान उपलब्धि! सब्र का फल मीठा होता है। उद्यमी और स्नैपडील के पूर्व सीईओ कुणाल बहल ने पोस्ट किया कि अधिकांश बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के साथ हमारा समझौता है, जबकि हमारी अपनी अर्थव्यवस्था भी विकास पथ पर है।

यूएस-इंडिया स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआइएसएफ) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ हुई बातचीत के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की घोषणा का स्वागत किया। कहा कि भारत पर लगाए गए टैरिफ में कमी एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम है। आज की घोषणा दोनों पक्षों की ओर से व्यापार समझौते की दिशा में आगे बढ़ने की इच्छाशक्ति का संकेत देती है।यह समझौता विभिन्न क्षेत्रों में टैरिफ, बाजार पहुंच, गैर-टैरिफ बाधाओं और व्यापार संबंधी अन्य मुद्दों का समाधान करेगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत को राष्ट्रपति ट्रंप की व्यापार घोषणा पर समय से पहले जश्न मनाने से बचना चाहिए। 500 अरब डालर की अमेरिकी खरीदारी का आंकड़ा भी समय-सीमा के बिना विश्वसनीयता से रहित है। भारत का अमेरिका से वर्तमान वार्षिक आयात 50 अरब डालर से कम है, जो यह दर्शाता है कि यह एक दीर्घकालिक आकांक्षा है।

# यूईआर-2 और द्वारका एक्सप्रेस-वे टोल पास के लिए ऑनलाइन सुविधा नहीं, लंबी कतारें बनीं समस्या



**बाहरी दिल्ली।** एक तरफ टोल प्लाजा पर टोल वसूली के हाईटेक तरीके अपनाए जा रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर अर्बन एक्टेशन रोड-2 (यूईआर-2) व द्वारका एक्सप्रेस-वे पर नलाइन सुविधा न होने की वजह से लोगों को लंबे समय तक लाइन में खड़े होकर मासिक पास बनवाना पड़ रहा है। जहां आनलाइन भुगतान का प्रविधान ही नहीं है। टोल पास बनवाने के लिए लोग लंबी लाइन में खड़े होने को मजबूर हैं।बाहर मासिक टोल पास बनवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध नहीं है। यूईआर-2 व द्वारका एक्सप्रेस-वे के टोल बूथों पर मासिक पास बनावाने के लिए दो केंद्र बनाए गए हैं। जहां मासिक पास बनवाने के लिए लोगों की लाइन में खड़े दिखाई देते हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा निर्मित यूईआर-2 और द्वारका एक्सप्रेस-वे पर बक्करवाला- मुंडका व बिजवासन टोल बूथ बनाए गए हैं।इन सड़क मार्गों से गुजरने वाले लोगों को अपने वाहन का पंजीकरण कार्ड और पहचान-पत्र दिखाकर पास केंद्र से मासिक पास बनवाना पड़ता है। बिजवासन टोल बूथ पर मासिक पास बनवाने के लिए सुबह से ही लाइन लगनी शुरू हो जाती है। लगभग 50 लोग पास के लिए ठंड के बीच अपनी बारी के लाइन में प्रतीक्षा करते हुए दिखाई दिए।यहां लगभग एक घंटे तक कतार में खड़े होने के बाद लोगों को मासिक पास मिल पाता है। जबकि मुंडका- बक्करवाला टोल पर ऐसी स्थिति नहीं दिखाई दी। यहां पास बनवाने की खिड़की पर कुछ ही लोग दिखाई दिए।

# ईरान और अमेरिका में जारी तनातनी के बीच शांति वार्ता के संकेत, तुर्किये में हो सकती है बैठक

**तुर्किये, 03 फरवरी [एजेंसी]।**



अमेरिका के साथ तनातनी के बीच ईरान ने शांतिवार्ता की भी संभावनाएं तलाशनी शुरू कर दी हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय ने संकेत दिए हैं कि दोनों ही पक्ष हालात की गंभीरता को समझ रहे हैं और संभावित क्षेत्रीय युद्ध की आशंका को भांप रहे हैं। ऐसे में ईरान और अमेरिका परमाणु विवाद पर फिर से बातचीत शुरू करने के लिए कूटनीतिक रास्ता तलाश रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकाफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची की तुर्किये में मुलाकात हो सकती है। बैठक में कतर, यूएई, सऊदी अरब और मिस्त्र जैसे देशों के नेता भी शामिल हो सकते हैं।हाल के हफ्तों में अमेरिकी नौसेना की मध्य-पूर्व में बढ़ती मौजूदगी ने हालात को और संवेदनशील बना दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से परमाणु कार्यक्रम में रियायतों की मांग की है, जबकि तेहरान ने इसे अपनी संप्रभुता में दखल बताया है। ईरान का कहना है कि उस पर लगे आर्थिक प्रतिबंध हटाना बातचीत की प्राथमिक शर्त है।कूटनीतिक सूत्रों का मानना है कि यूरेनियम संवर्धन से ज्यादा ईरान का बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम वार्ता में बड़ी अड़चन बन रहा है। अमेरिका की ओर से शून्य संवर्धन, मिसाइल कार्यक्रम पर रोक और क्षेत्रीय सहयोगी समूहों को समर्थन खत्म करने जैसी शर्तें रखी गई हैं, जिन्हें ईरान लंबे समय से अस्वीकार करता रहा है।हालांकि, कुछ ईरानी अधिकारियों ने संकेत दिया है कि समझौते की स्थिति में वह उच्च संवर्धित यूरेनियम का भंडार विदेश भेजने या अस्थायी विराम जैसे विकल्पों पर लचीलापन दिखा सकता है।

फारस की खाड़ी के अमेरिकी सहयोगी देशों ने वाशिंगटन को आगाह किया है कि ईरान की मिसाइल क्षमता अब भी अमेरिकी ठिकानों और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनी हुई है। आकलनों के मुताबिक ईरान के पास कम दूरी की मिसाइलें, लांचर और उत्पादन ढांचा अब भी सक्रिय है, जिससे खाड़ी क्षेत्र में तैनात अमेरिकी सैनिकों पर खतरा बना हुआ है। कुछ खाड़ी देशों ने अपने क्षेत्र या हवाई क्षेत्र के सैन्य इस्तेमाल को लेकर भी हिचक दिखाई है। हालिया सैटेलाइट इमेजरी में इस्फहान और नतांज जैसे परमाणु ठिकानों पर आंशिक मरम्मत कार्य के संकेत मिले हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह संभावित हमलों की तैयारी या संसाधनों के स्थानांतरण का संकेत भी हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी पहले भी ईरान से उच्च संवर्धित यूरेनियम के भंडार पर स्पष्ट जानकारी मांग चुकी है।एपी के अनुसार, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघेई ने सोवार को बताया कि देश के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड को आतंकी समूह घोषित किए जाने पर विरोध जताने के लिए ईरान में यूरोपीय यूनियन के राजदूत को तलब किया गया।

## इमरान की पार्टी पर बड़ा एक्शन PTI के 180 कार्यकर्ता हिरासत में

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने सिंध प्रशासन पर कराची और प्रांत के अन्य हिस्सों में रात भर छापेमारी करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने दावा किया है कि सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के नाम पर 180 पार्टी कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है। आरोप है कि पुलिस ने पीटीआई नेताओं और कार्यकर्ताओं के घरों पर तड़के छापेमारी की और आठ फरवरी को होने वाले उसके नियोजित विरोध प्रदर्शन से पहले बड़ी संख्या में लोगों को हिरासत में लिया।पीटीआई के केंद्रीय सूचना विभाग ने आरोप लगाया कि हिरासत में लिए गए कार्यकर्ताओं को एमपीओ के तहत एक महीने की निवारक हिरासत में रखा गया है। पार्टी ने इस कार्रवाई को राजनीतिक बदले की कार्रवाई करार दिया और आरोप लगाया कि आगामी विरोध प्रदर्शन को विफल करने के लिए प्रांत भर में गिरफ्तारियां की गईं।

# मिड-डे मिल की किचन में तय स्टॉक से ज्यादा मिला राशन, अनियमितता पर होगी कार्रवाई



**नईदिल्ली, 03 फरवरी [एजेंसी]।**

एमसीडी के स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों को तय मानकों पर मिड-डे मील मिल रहा है या नहीं इस पर गोदाम में तय मात्रा से ज्यादा राशन मिलने पर सवाल खड़े हो गए हैं। एमसीडी की शिक्षा समिति के डिप्टी चेयरमैन अमित खरखरी ने मिड-डे मिल उपलब्ध कराने वाली रसोई व गोदाम में औचक निरीक्षण के दौरान यह मामला पकड़ा है। खरखरी के अनुसार मुंडका में चलने वाली में जो स्वयंसेवी संस्था मिड-डे मिल उपलब्ध करा रही है। वह तय मानकों पर उपलब्ध नहीं करा रही है। क्योंकि अतिरिक्त राशन जब ही मिल सकता है तब कि बच्चों तक तय मात्रा में मिड-डे मिल नहीं पहुंच रहा हो। यह संस्थाएं नरेला और रोहिणी जोन के निगम स्कूलों में बच्चों मिड-डे मिल उपलब्ध कराती है।

खरखरी ने बताया दलित मानव उत्थान समिति द्वारा संचालित मिड डे मील किचन में आयल कैचर उपलब्ध नहीं पाया गया। जो कि स्वच्छता और पर्यावरणीय मानकों का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके अतिरिक्त संस्था का स्टाक रजिस्टर भी निरीक्षण के समय मौके पर उपलब्ध नहीं पाया गया, जिससे कार्यप्रणाली की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं।इसी क्रम में भारतीय मानव कल्याण परिषद के एफसीआइ स्टाक का निरीक्षण किए जाने पर यह पाया गया कि संबंधित गोदाम तय मानकों के अनुसार निर्धारित स्थान से लगभग तीन से चार किलोमीटर दूर स्थित है। प्रत्यक्ष सत्यापन के दौरान लगभग 750 क्विंटल गेहूं तथा 150 क्विंटल चावल अतिरिक्त मात्रा में पाया गया, जो सरकारी अभिलेखों से मेल नहीं खाता।शिक्षा समिति के डिप्टी चेयरमैन ने कहा कि मिड डे मील योजना सीधे तौर पर बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और भविष्य से जुड़ी हुई है और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभाग को जांच करके कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

## दिल्ली के इस इलाके में जमकर गरजा MCD का बुलडोजर, 50 से अधिक अवैध निर्माण ध्वस्त



**पूर्वी दिल्ली।** एमसीडी की टीम ने शाहदरा उत्तरी और दक्षिणी दोनों जोन में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। मुस्तफाबाद में टीम ने सड़क किनारे दोनों ओर हुए अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। इस दौरान स्थानीय विधायक और विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट भी मौजूद रहे। उन्होंने निगम अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।सोमवार सुबह निगम की टीम दलबल के साथ मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र में पहुंचीं। यहां शिव विहार तिराहे से मुखिया मार्केट तक सड़क के दोनों ओर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। लंबे समय से अतिक्रमण के कारण यह मार्ग बेहद संकरा हो गया था, जिससे यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही थी और लोगों को रोजाना जाम से जूझना पड़ रहा था।मोहन सिंह बिष्ट ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण में सबसे बड़ी बाधा अतिक्रमण था। दुकानदारों और स्थानीय लोगों द्वारा सड़क पर किए गए कब्जों के कारण न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई थी, बल्कि पैदल चलने वालों और आपातकालीन वाहनों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस दौरान 50 से ज्यादा अवैध निर्माण तोड़े गए।लगातार आ रहीं शिकायतों के बाद विनोद नगर में भी निगम अधिकारियों ने दौरा कर कर्मचारियों को व्यवस्था सुधारने के आदेश दिए। निगम के अतिरिक्त आयुक्त पंकज नरेश अग्रवाल ने विनोद नगर वार्ड 198 में सफाई और पार्कों की दशा सुधारने के निर्देश दिए। इस दौरान लोगों ने कुछ कर्मचारियों की शिकायत की। इसपर आयुक्त ने चेतावनी दी और काम सुधारने को कहा। इस दौरान विधायक रवि नेगी, पार्षद सरला चौधरी, शाहदरा दक्षिणी जोन के उपायुक्त बादल कुमार उपस्थित रहे।

# पॉक्सो कोर्ट में चल रही थी सुनवाई, अलीगढ़ में सजा होने से पहले ही कोर्ट से भाग गया दुष्कर्म का आरोपी



**अलीगढ़, 03 फरवरी [एजेंसी]।**

बालिका से दुष्कर्म के आरोपित को सजा तय करने के लिए जैसे ही न्यायालय के अंदर बुलाने की आवाज आई तो वह चकमा देकर भाग गया।कोर्ट ने आरोपित को दोषी ठहरा दिया है। मंगलवार को उसे सजा सुनाई जाएगी। न्यायालय ने गैर जमानती वारंट भी जारी किया है। पुलिस उसकी तलाश में लग गई है।जवां क्षेत्र के एक गांव में 10 साल की बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना चार अगस्त 2017 की शाम करीब चार बजे की है। गांव का ही आरोपित जितेंद्र प्रसाद उसे खेलने के बहाने बहला फुसलाकर अपने चाचा के निर्माणाधीन मकान में ले गया था, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के चिल्लाने पर स्वजन मौके पर पहुंचे तब तक आरोपित भाग चुका था। किशोरी के पिता ने उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था। सोमवार को इस मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) प्रदीप कुमार राम की कोर्ट संख्या दो में थी। जमानत पर चल रहा आरोपित भी आया था।दोपहर बाद आरोपित को दोषी ठहराने के लिए न्यायिक अभिरक्षा में लिया जाना था। आरोपित के अधिवक्ता ने बाहर बैठे आरोपित को न्यायालय में अंदर आने के लिए कहा तो वह न्यायालय में जाने की बजाय भाग गया। आरोपित के भागने से वहां खलबली मच गई। पुलिस को सूचित किया गया, तो सिविल लाइन पुलिस भी पहुंच गई। काफी तलाशी के बाद भी उसका सुराग नहीं लग सका। अभियोजन अधिकारी लव कुमार बंसल व संजय शर्मा के अनुसार न्यायालय ने आरोपित जितेंद्र प्रसाद को साक्ष्यों के आधार पर दोषी ठहराया है। सजा के लिए मंगलवार का दिन तय किया गया है। गैर जमानती वारंट भी जारी किए हैं।बालिका से दुष्कर्म के मामले की सुनवाई इससे पहले पाक्सो कोर्ट संख्या-तीन में चल रही थी। वहां से केस ट्रांसफर होने के चलते अब कोर्ट संख्या में दो में सुनवाई चल रही थी।डेढ़ माह पहले भी आरोपित कोर्ट में पेश नहीं हो पाया था। तब भी भागने का आरोप लगा था। उसके अधिवक्ता ने न्यायालय में शपथ पत्र देकर उससे वारंट निरस्त कराए थे। यह भी कहा था कि आगे से यह गलती नहीं करेगा।बालिका से दुष्कर्म के दोषी को सजा होनी थी।

उसे कोर्ट में पेश होना था, लेकिन उससे पहले ही भाग गया। उसे तलाश किया जा रहा है। किशोरी से दुष्कर्म के दो दोषियों को न्यायालय ने 20-20 वर्ष की सजा सुनाई है। 55 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। 50 हजार रुपये पीड़ित को देने के आदेश दिए हैं। अभियोजन पक्ष के अनुसार घटना दो जुलाई 2023 की है।वादी ने मुकदमा में बताया कि घटना वाली शाम उनकी 13 वर्षीय बेटी खेत से चारा लेकर आ रही थी। तभी नामजद लवकुश व अंकित ज्वार के खेत में खींच ले गए। जहां उसके साथ गलत काम किया। घर आकर बेटी ने पूरी जानकारी दी।पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर दोनों नामजदों को जेल भेजा। गवाही में पीड़िता ने बताया कि आरोपितों ने उसकी गलत काम करते समय वीडियो भी बनाई थी। सोमवार को एडीजे विशेष पाक्सो द्वितीय प्रदीप कुमार राम की अदालत में सुनवाई हुई। न्यायालय ने बयानों व साक्ष्यों के आधार पर दोनों को सजा सुनाई।

## एमउएम इंडिया और बंसल बंधुओं पर धोखाधड़ी का मुकदमा चलेगा, कोर्ट ने ईओडब्ल्यू आरोपपत्र पर लिया संज्ञान



**नई दिल्ली।** तीस हजारी स्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने रियल एस्टेट कंपनी एम3एम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशक बसंत बंसल, रूप बंसल और पंकज बंसल के खिलाफ आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के आरोपपत्र पर संज्ञान ले लिया है। कोर्ट ने माना कि आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और आपराधिक साजिश के आरोपों पर मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त आधार हैं।मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हर्षिता मिश्रा ने कहा कि आरोपितों पर आईपीसी की धारा 406, 420, 120-बी और 34 के तहत कार्यवाही आगे बढ़ाई जाएगी। कोर्ट ने सभी आरोपितों को चार अप्रैल 2026 को पेश होने के लिए समन जारी किया है। यह मामला मार्च 2022 में ईओडब्ल्यू, मंदिर मार्ग में दर्ज प्राथमिकी से जुड़ा है, जो एमजीएफ डेवलपमेंट्स लिमिटेड की शिकायत पर दर्ज हुई थी। शिकायत के अनुसार 2016 में एमजीएफ ने गुरुग्राम के चौमा गांव, सेक्टर 111 और 113 में स्थित करीब 31 एकड़ जमीन एम3एम समूह को देने का समझौता किया था। इसके बदले 114 करोड़ रुपये देने थे, जो बाद की तारीख की चेक से तय हुए थे, लेकिन चेक बाउंस हो गए।आरोप है कि भुगतान न होने के बावजूद एम3एम समूह ने जमीन अपने नाम करवा ली और वहां कई रिहायशी और व्यावसायिक परियोजनाएं शुरू कर दीं। जांच एजेंसी का आरोप है कि इसी आधार पर धोखाधड़ी और विश्वासघात का मामला बनता है।इस मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट पहले ही विवादित जमीन पर किसी तीसरे पक्ष को अधिकार देने और निर्माण कार्य करने पर रोक लगा चुका है। वहीं एम3एम की ओर से एमजीएफ के खिलाफ गुरुग्राम में दर्ज कराई गई दो प्राथमिकी को पुलिस जांच के बाद बंद कर दिया गया था।

## 4 अरब डॉलर का स्कैम और 6 चीनी नागरिकों की हत्या, चीन ने चार लोगों को दी फांसी



**शेन्जेन।** चीन ने सोमवार को बताया कि उनके छह नागरिकों की हत्या और म्यांमार से चार अरब डॉलर से अधिक की धोखाधड़ी करने के मामले में दोषी पाए गए चार लोगों को फांसी दे दी है। न्यायालय ने सोमवार सुबह एक बयान में फांसी की घोषणा की, हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया कि फांसी कब दी गई। म्यांमार में घोटाले के केंद्र चलाने के आरोपित 11 अन्य लोगों की फांसी की घोषणा पिछले सप्ताह की गई थी। शेन्जेन अदालत ने नवंबर में कुख्यात बाई परिवार के सदस्यों सहित पांच लोगों को घोटाले के केंद्रों और कैसीनो के नेटवर्क चलाने के आरोप में मौत की सजा सुनाई थी।अदालत ने बताया कि आरोपितों में से एक, समूह के नेता बाई सुओचेंग की सजा के बाद बीमारी से मृत्यु हो गई। इस समूह ने म्यांमार के चीन की सीमा से लगे कोकांग क्षेत्र में औद्योगिक पार्क स्थापित किए थे। यहां से वे जबरन वसूली और आनलाइन फ्राड जैसे अपराध को अंजाम देते थे।

# सिर्फ 11 साल में ही जर्जर हो गया दिल्ली का यह फ्लाईओवर, भ्रष्ट अधिकारियों से लागत वसूलने की मांग

**पूर्वी दिल्ली, 03 फरवरी [एजेंसी]।**



साल 2014 में जब नत्थू कालोनी चौक पर फ्लाईओवर का निर्माण शुरु हुआ तो लोगों को इस बात की खुशी थी कि अब उन्हें जाम से निजात मिलेगी। 125 करोड़ की लागत से बना फ्लाईओवर महज 11 साल में जर्जर हो जाएगा, यह किसी ने नहीं सोचा था। सुविधा के लिए बना फ्लाईओवर यहां रहने वाले लोगों के लिए सबसे बड़ी असुविधा बन गया है। अब लोगों का कहना है कि उनके टैक्स के 125 करोड़ रुपये की बर्बादी करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों से इसकी वसूली की जानी चाहिए। उसी पैसों से इसका दोबारा निर्माण होना चाहिए। दुर्गापुरी चौक और नंद नगरी के बीच बनी रेलवे लाइन पर लोगों को एक समय पर घंटों जाम से जूझना पड़ता था। इसे देखते हुए साल 2015 में दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी) ने यह फ्लाईओवर बनाया था। एक साल बाद इसे लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को हैंडओवर कर दिया गया। दो साल बाद ही फ्लाईओवर ही हालत जर्जर होने लगी।

इसमें क्रैक आने लगे और स्लैब से निर्माण सामग्री झड़ने लगी। लोगों की शिकायतों के बाद साल 2019 में इसपर भारी वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया।हाल ही में कराई गई तकनीकी जांच और लोड टेस्ट में यह बात सामने आई कि फ्लाइओवर की संरचना मानकों के अनुरूप नहीं है। डेक स्लैब और अन्य हिस्सों में कमजोरी पाई गई, जिसके बाद इसे सुरक्षित नहीं माना गया। इसके चलते लोक निर्माण विभाग अब इसे तोड़कर नए सिरे से बनाने पर विचार कर रहा है। अधिकारियों के अनुसार पिलरों को छोड़कर पूरे फ्लाईओवर का निर्माण नए सिरे से किया जाएगा। साल 2013 से इसके निर्माण की शुरुआत से ही यहां बसों और अन्य वाहनों का आवागमन रोक दिया गया। फ्लाईओवर निर्माण के दौरान रास्ता संकरा होने से लोगों को लगभग तीन साल भयंकर जाम से जूझना पड़ा। इस दौरान यहां बसें न चलने से भी लोगों को खासी दिक्कतें हुई। 2015 में फ्लाईओवर शुरु हुआ तो कुछ राहत तो मिली लेकिन 2019 में फिर भारी वाहनों पर रोक लगने से बसें चलनी बंद हो गई। डीटीसी रूट नंबर 333, 205, 33 समेत कई रूटों को डायवर्ट कर दिया गया। अब इसके निर्माण की बात दोबारा कही जा रही है तो लोगों को तीन साल फिर असुविधा होगी। विधायक जितेंद्र महाजन ने मामले में जनवरी 2025 हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद ही अधिकारियों ने जर्जर फ्लाईओवर का संज्ञान लेकर इसकी जांच करवाई। विधायक जितेंद्र महाजन ने बताया कि आम आदमी पार्टी की सरकार में जिन भ्रष्ट अधिकारियों ने इस फ्लाईओवर को बनाया उनसे ही पैसे वसूलकर इसे दोबारा बनाना चाहिए। मामले में विजिलेंस जांच भी चल रही है है और अधिकारियों के साथ अगर कोई भ्रष्ट नेता भी इसमें शामिल है तो कार्रवाई की जाएगी।

# नशा और ओव्हर स्पीडिंग से होती है सबसे ज्यादा घटनाएं

**कोरिया बैकुंठपुर। आज के समय में सड़क दुर्घटनाएँ एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुकी हैं। प्रतिदिन समाचार पत्रों और मीडिया में कहीं न कहीं दुर्घटनाओं में लोगों की मृत्यु अथवा गंभीर रूप से घायल होने की खबरें सामने आती रहती हैं। यदि इन दुर्घटनाओं के कारणों का गहराई से विश्लेषण किया जाए, तो यह स्पष्ट होता है कि तेज गति, लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना और नशे की हालत में ड्राइविंग सड़क दुर्घटनाओं के सबसे बड़े कारण हैं।**

## हेलमेट, सीट बेल्ट व रियर व्यू मिरर की अनदेखी भी जान-माल के नुकसान की बड़ी वजह



नशे की स्थिति में वाहन चलाने से चालक की निर्णय लेने की क्षमता, प्रतिक्रिया समय और संतुलन बुरी तरह प्रभावित हो जाता है। शराब या अन्य नशीले पदार्थों के सेवन के बाद वाहन चलाना न केवल वाहन चालक के लिए, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए भी अत्यंत घातक साबित हो सकता है। अधिकांश घातक सड़क दुर्घटनाओं में नशा एक प्रमुख कारण के रूप में सामने आता है। इसी प्रकार तेज रफ्तार भी दुर्घटनाओं को खुला निमंत्रण देती है। अधिक गति में वाहन पर नियंत्रण कमजोर हो जाता है और अचानक सामने आने वाली परिस्थितियों में समय पर ब्रेक लगाना या दिशा बदलना संभव नहीं हो पाता। मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाना, ट्रैफिक सिग्नलों की अनदेखी करना, गलत दिशा में वाहन चलाना, अनिद्रा की स्थिति में ड्राइविंग करना, कार्य का अत्यधिक दबाव तथा तकनीकी रूप से अनफिट वाहनों का उपयोग भी सड़क दुर्घटनाओं के बड़े कारण हैं। दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट न पहनना, चारपहिया वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट का प्रयोग न करना तथा दोपहिया वाहनों में रियर व्यू मिरर न लगाना आज एक आम प्रवृत्ति बन चुकी है। कई लोग इसे फैशन या असुविधा से जोड़कर नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि ये सुरक्षा उपकरण जीवन रक्षक होते हैं।

दुर्घटना की स्थिति में हेलमेट और सीट बेल्ट गंभीर चोट या मृत्यु से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है। यातायात नियमों का पालन करना, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाना, नशे से पूरी तरह दूरी बनाए रखना तथा सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करना हम सभी के लिए आवश्यक है। थोड़ी-सी सावधानी और जिम्मेदारी न केवल हमारी जान बचा सकती है, बल्कि दूसरों के जीवन की भी रक्षा कर सकती है। पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह मनाया गया है, ऐसे में यह आवश्यक है कि पुलिस प्रशासन लगातार स्कूलों और कॉलेजों में जाकर अभिभावकों को नाबालिगों को वाहन न देने के लिए जागरूक करे। थाना प्रभारियों द्वारा ग्राम सरपंचों, वार्ड पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर तेज गति और लापरवाह ड्राइविंग के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। इसके साथ ही सभी शासकीय एवं निजी कार्यालयों में बिना हेलमेट वाहन चलाकर आने पर प्रतिबंध जैसी मुहिम भी प्रभावी हो सकती है। छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाएँ चिंता का विषय हैं। इसलिए प्रशासन के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों को इस समस्या पर गंभीरता से विचार करते हुए त्वरित और ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

**याद रखें, सुरक्षा नियम बोझ नहीं, बल्कि जीवन का संरक्षण हैं।**



## दांतों के लिए साइलेंट किलर है सडन्, जानें कब बढ़ सकती है दांतों से जुड़ी समस्याएं





दांतों में दर्द की परेशानी या सूजन की समस्या पर सभी ध्यान देते हैं, लेकिन सडन् दांतों के लिए साइलेंट किलर की तरह काम करती है। बाहर से चमकदार दिखने वाले दांतों के अंदर कब धीरे-धीरे छेद बन जाता है, ये पता ही नहीं चलता और जब चलता है, तब तक सडन् दांतों को घेर चुकी होती है। दांतों में सडन् की समस्या से असहनीय दर्द होता है और ये धीरे-धीरे सारे दांतों को संक्रमित कर देती है; ऐसे में दांतों की देखभाल करना बहुत जरूरी है। दांतों में सडन् की प्रक्रिया बहुत धीमी गति से होती है और इसके लक्षण भी नजर नहीं आते हैं। दर्द के बाद पता चलता है कि दांतों में सडन् हो चुकी है। दांतों में सडन् के बहुत सारे कारण हो सकते हैं, जैसे ज्यादा मीठा खाना, सही तरीके से ब्रश और कुल्ला न करना, मुंह में लार में कमी होना, कैल्शियम और विटामिन डी की कमी, साथ ही रात में बिना ब्रश किए सो जाना। ये सभी कारण दांतों में सडन् पैदा करने के लिए काफी हैं। आयुर्वेद में दांतों की सडन् से बचने के लिए और मसूड़ों की मजबूती के लिए कई घरेलू उपाय बताए गए हैं, जिन्हें घर बैठे आराम से कर सकते हैं। पहला है लौंग के तेल का इस्तेमाल। लौंग का तेल दांतों के दर्द और बैक्टीरिया को कम करने का काम करता है, जिससे सडन् की प्रक्रिया कम हो जाती है। इसके लिए रात के समय लौंग के तेल को कुछ समय के लिए दांतों पर लगाकर छोड़ दें और पानी से साफ कर लें। दूसरा है नीम से दातुन या कुल्ला। नीम प्राकृतिक एंटी बैक्टीरियल है, जो दांतों से बैक्टीरियल संक्रमण को कम करने में मदद करता है। वहीं नीम की दातुन भी दांतों के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होती है। तीसरा है नारियल तेल से ऑयल पुलिंग। ऑयल पुलिंग दांतों के कोनो-कोनों में जाकर गंदगी को साफ करने का काम करती है और दांतों पर लगे पीलेपन को साफ करती है। इसके लिए तेल को मुंह के अंदर 5 मिनट के लिए घुमाएं और फिर कुल्ला कर लें। चौथा है नमक और सरसों के तेल का मिश्रण। नमक और सरसों के तेल का मिश्रण दांतों के दर्द में राहत देता है और दांतों में पनप रहे बैक्टीरिया का भी नाश करता है। हफ्ते में तीन बार इस मिश्रण को लगाने से दांतों से पीलापन भी कम हो जाता है। इन नुस्खों के अलावा, आहार में बदलाव भी जरूरी हैं। आहार में कैल्शियम और विटामिन डी शामिल करें। कैल्शियम और विटामिन डी दोनों मिलकर दातों को मजबूती देते हैं और मसूड़ों से खून आने की समस्या भी कम होती है। इसके साथ ही दांतों के लिए विटामिन सी भी जरूरी है; इसके लिए दिन में एक समय किसी खट्टे फल का सेवन जरूर करें। यह भी दांतों के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

# तू या मैं में मेरा किरदार साइड रोल नहीं, कहानी की मजबूत कड़ी है-पारुल गुलाटी

बॉलीवुड और ओटीटी की दुनिया में लगातार अपनी अलग पहचान बना रहीं अभिनेत्री पारुल गुलाटी इन दिनों अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। अभिनय के साथ-साथ एक सफल उद्यमी के तौर पर भी अपनी पहचान रखने वाली पारुल अब थ्रिलर फिल्म तू या मैं में नजर आएंगी। उन्होंने हाल ही में इस फिल्म और अपने किरदार को लेकर खुलकर बात की है और इसे अपने करियर का एक बेहद खास मौका बताया। फिल्म तू या मैं में पारुल गुलाटी के साथ आदर्श गौरव और शनाया कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय कर रहे हैं, जिनकी फिल्मों की पहचान भावनाओं, रिश्तों और गहराई से जुड़ी कहानियों के लिए रही है। इस फिल्म में पारुल लायरा नाम का किरदार निभा रही हैं, जो शनाया कपूर के किरदार की करीबी दोस्त और मैनेजर है। फिल्म का हिस्सा बनने पर पारुल ने कहा, आनंद एल राय का सिनेमा मुझे हमेशा से आकर्षित करता रहा है। फिल्म की कहानी नाटकीय होने के साथ-साथ भावनात्मक रूप से शानदार है और दर्शकों को भीतर तक छू जाएगी।



पारुल ने अपने किरदार को लेकर बताया, मेरा किरदार लायरा सिर्फ एक दोस्त नहीं है बल्कि एक ऐसा इंसान है जो हर मुश्किल में साथ खड़ी रहती है, सही सवाल पूछती है, जरूरत पड़ने पर टोकती भी है और बिना शर्त समर्थन करती है। मैं इस किरदार को निभाकर बेहद खुश हूं और अभी भी इस एहसास में डूबी हुई हूं कि मुझे इतना अहम रोल निभाने का मौका मिला है।

पारुल ने कहा, लायरा कोई साधारण या साइड कैरेक्टर नहीं है, बल्कि कहानी की भावनात्मक रीढ़ है। यह किरदार फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती है। मेरे लिए यह अनुभव इसलिए भी खास है क्योंकि मैं ऐसी फिल्मों का हिस्सा बनना चाहती थी जिनमें किरदारों की गहराई हो और कहानी दिल से जुड़ी हो। इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है।

आनंद एल राय के साथ काम करने के अनुभव को लेकर पारुल गुलाटी ने कहा, एक कलाकार और एक क्रिएटर के तौर पर इससे बेहतर सहयोग शायद मुझे कभी नहीं मिल सकता था। आनंद एल राय की फिल्में वही सिनेमा हैं, जिनकी ओर मैं हमेशा खिंचती रही हूं। यह एक ऐसा दुर्लभ मौका है, जो जिंदगी में कम ही मिलता है, जहां बड़ी स्क्रीन की भव्यता के साथ-साथ कहानी में दिल और भावना दोनों मौजूद हों।

पारुल गुलाटी ने फिल्म की पूरी टीम के प्रति आभार भी जताया। उन्होंने कहा, मैं मेकर्स की शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे लायरा जैसा मजबूत किरदार सौंपा। मेरे लिए एक अनोखी थ्रिलर और क्रिएचर यूनिवर्स का हिस्सा बनना बेहद खास अनुभव है। मैं इस फिल्म को लेकर बहुत खुश, आभारी और उत्साहित हूं और चाहती हूं कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर जरूर देखें।

## तनाव दूर कर मांसपेशियों को मजबूत बनाता है प्रसारित पादहस्तासन, ये सावधानी भी जरूरी



शारीरिक हो या मानसिक हर समस्या का समाधान योगासन में छिपा है। तन और मन दोनों को सेहतमंद रखने वाले ऐसे ही एक आसन का नाम प्रसारित पादहस्तासन या प्रसारित पादोत्तानासन है, जिसे वाइड-लेग्ड फॉरवर्ड बेंड भी कहा जाता है। यह आसन पैरों को फैलाकर आगे झुकने से शरीर की कई मांसपेशियों को गहरा खिंचाव देता है और मन को शांत करता है। योग विशेषज्ञों के अनुसार, नियमित अभ्यास से लचीलापन बढ़ता है, तनाव कम करता है और पूरा शरीर सेहतमंद रहता है। मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योगा के अनुसार, प्रसारित पादहस्तासन अभ्यास के लिए योग मैट पर ताड़ासन पोज में सीधे खड़े हो जाएं। दोनों पैर जोड़कर, हाथ शरीर के साथ रखें। सांस अंदर लें और पैरों को 3-4 फीट (या अपनी ऊंचाई के अनुसार 4-5 फीट) दूर फैलाएं। पैर समानांतर रखें, एड़ियां बाहर की ओर और पैर के अंगूठे थोड़े अंदर की ओर रखें। इस दौरान हाथों को कमर पर रखें। छाती को आगे की ओर रखें। सांस छोड़ते हुए कमर से आगे झुकें। इस दौरान सांस अंदर लें और धीरे से वापस आएं।

प्रसारित पादहस्तासन के अभ्यास से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। जांघों, कूल्हों और पीठ में गहरा खिंचाव मिलता है, जिससे लचीलापन बढ़ता है। रीढ़ की हड्डी मजबूत होती है, पीठ दर्द में राहत मिलती है। पाचन क्रिया सुधरती है और कब्ज दूर होता है।

मस्तिष्क में रक्त संचार बढ़ता है, तनाव, चिंता में लाभ मिलता है। पैर, टखने और कोर मसल्स मजबूत होते हैं। साथ ही थकान दूर होती है, मन शांत रहता है और ऊर्जा बढ़ती है। प्रसारित पादहस्तासन अभ्यास के दौरान सावधानियां भी जरूरी हैं। पीठ में गंभीर चोट, हाई या लो ब्लड प्रेशर, ग्लूकोमा, घुटने/कूल्हे की समस्या वाले लोग बिना योग विशेषज्ञ की सलाह के न करें। गर्भवती महिलाएं भी ध्यान रखें। यह आसन सुबह खाली पेट करने से अधिक फायदेमंद होता है।

## सू- दोकू क्र.304

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.303 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## शब्द सामर्थ्य - 304

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 303 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | द्दू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

## बॉर्डर-2 में रोल मिलने पर खुशी से रो पड़ी थी मेधा राणा



सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर फिल्म बॉर्डर-2 बॉक्स ऑफिस पर शानदार कलेक्शन कर रही है। फिल्म में लीड रोल्स की चर्चा हर कोई कर रहा है, लेकिन फिल्म में मेधा राणा ने भी महत्वपूर्ण रोल प्ले किया है। मेधा ने मेजर होशियार सिंह दहिया की पत्नी धनवंती देवी का रोल प्ले किया है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि अभिनेत्री खुद एक आर्मी परिवार से ताल्लुक रखती हैं और वे उस डर और इमोशंस को जी चुकी हैं, जिन्हें फिल्म में दिखाया गया है। बॉर्डर-2 जैसी फिल्म में सेलेक्ट होने के अनुभव पर मेधा राणा ने कहा, जब मुझे पहली बार कॉल आया तो मैं खुशी से रो पड़ी थी। फिल्म के लिए मैंने कई राउंड ऑडिशन दिए थे और कास्टिंग डायरेक्टर छाबड़ा सर ने मुझे बुलाकर सामने से बताया था कि मैं सेलेक्ट हो चुकी हूं।

# नागरिक सुविधाओं के लिए इण्टक और लोकमंच का साझा संघर्ष, पूर्व महापौर डोमरु रेड्डी ने घेरा निगम प्रशासन को





**चिरमिरी।** नगर निगम चिरमिरी में व्याप्त अव्यवस्थाओं और जनसमस्याओं के समाधान हेतु कांग्रेस समर्थित इण्टक और प्रमुख सामाजिक संगठन 'लोकमंच' ने संयुक्त रूप से हुंकार भरी है। इस विरोध प्रदर्शन में लोकमंच के अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर के. डोमरु रेड्डी की उपस्थिति ने आंदोलन को और अधिक मजबूती प्रदान की।

शहर के विकास और जनहित के मुद्दों पर सदैव मुखर रहने वाले लोकमंच के अध्यक्ष के. डोमरु रेड्डी ने निगम प्रशासन की कार्यशैली पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम प्रशासन आम नागरिकों को न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने में भी अक्षम सिद्ध हुआ है। रेड्डी ने विशेष रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर किया ध्यान आकर्षित । विफलता का आरोप-उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली महापौर, विधायक और मंत्रियों की 'ट्रिपल इंजन' सरकार केवल करोड़ों के विकास कार्यों का काल्पनिक ढिंढोरा पीट रही है, जबकि जमीनी हकीकत में जनता बूंद- बूंद पानी और बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है। अधिकारियों की उदासीनता -उन्होंने आरोप लगाया कि निगम के अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और जनता की समस्याओं से आंखें मूंदे बैठे हैं। सामाजिक सरोकार- लोकमंच ने स्पष्ट किया कि जब तक शहर की बदहाली दूर नहीं होती और जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते, तब तक उनका संगठन शांत नहीं बैठेगा।

### इण्टक और लोकमंच की संयुक्त 38 सूत्रीय मांगें

इण्टक के क्षेत्रीय अध्यक्ष अब्दुल सलीम उर्फ राजू और लोकमंच के अध्यक्ष के. डोमरु रेड्डी ने संयुक्त रूप से आयुक्त को 38 बिन्दुओं का मांग पत्र सौंपा।

**श्रमिक न्याय :-** ठेका कर्मचारियों का नियमित वेतन और सामूहिक बीमा सुरक्षा।

**जनकल्याण :-** पीलिया पीड़ितों को मुआवजा, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति और वार्डों में नियमित सफाई।

**पारदर्शिता की मांग:-** निविदा प्रक्रिया में हो रही धांधली और फाइलों की चोरी की उच्च स्तरीय जाँच।

**सुविधाओं का विस्तार :-** बंद पड़ी सिटी बस, एम्बुलेंस और शव वाहनों का तत्काल संचालन।

**मानवीय व्यवस्था :-** मुक्तिधाम में लकड़ी का प्रबंध और कड़ाके की ठंड में अलाव की व्यवस्था।

### निगम घेराव की चेतावनी

पूर्व महापौर रेड्डी और इण्टक नेताओं ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि इन मांगों पर तत्काल विचार कर क्रियान्वयन शुरू नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में इण्टक और लोकमंच के कार्यकर्ता मिलकर नगर निगम का विशाल घेराव करेंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। आंदोलन में इण्टक और लोकमंच की ओर से राजेन्द्र चाफेकर, सत्यप्रकाश सिंह, संतोष विश्वकर्मा और लोकमंच की ओर से वरुण शर्मा, साबीर खान, आशुतोष मिश्रा, पार्षद इम्तियाज अहमद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जांच पड़ताल के दौरान पुलिस की अभद्रता, थाना घेरा





**चिरमिरी।** सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे एक वीडियो ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो में चिरमिरी के पौड़ी थाना प्रभारी एक स्थानीय व्यापारी को मां-बहन की गालियां देते हुए नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार जिस व्यक्ति के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, उसका नाम प्रभात केसरवानी है, जो बड़ी बाजार चिरमिरी के बड़े व्यापारी है।

वीडियो सामने आने के बाद आम लोगों में रोष है। नागरिकों का साफ कहना है कि किसी भी थाना प्रभारी को आम आदमी को गाली देने का अधिकार नहीं है, चाहे परिस्थिति कैसी भी हो। पुलिस कानून की रखवाली के लिए होती है, न कि नागरिकों का अपमान करने के लिए। कानूनी जानकारों के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति से कोई गलती हुई है, तो पुलिस को कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई करनी चाहिए। सार्वजनिक रूप से गाली-गलौज करना न केवल पुलिस की गरिमा के खिलाफ है, बल्कि यह नागरिक अधिकारों का भी उल्लंघन माना जाता है। इस मामले के सामने आने के बाद व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों की मांग है कि वायरल वीडियो की निष्पक्ष जांच हो और संबंधित थाना प्रभारी पर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों । अब सबकी नजर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों पर टिकी है कि वे इस वायरल वीडियो पर क्या कदम उठाते हैं।

## व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टा बना आत्मनिर्भरता का आधार



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के विकासखण्ड पोड़ी-बचरा अंतर्गत ग्राम बंजारीडांड़ निवासी अशोक कुमार पाण्डेय के जीवन में व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टा प्राप्त होने के बाद सकारात्मक और स्थायी बदलाव आया है। वर्षों से जिस भूमि पर वे खेती करते आ रहे थे, उस पर कानूनी स्वामित्व मिलने से उनका परिवार आज सुरक्षित, खुशहाल और आत्मनिर्भर जीवन व्यतीत कर रहा है। अशोक कुमार पाण्डेय को शासन की योजना के अंतर्गत एक हेक्टेयर भूमि का व्यक्तिगत वन अधिकार मान्यता पत्र (पट्टा) प्रदान किया गया। इससे पहले यह भूमि वन विभाग के अभिलेखों में दर्ज होने के कारण उन्हें बेदखली की आशंका बनी रहती थी। वर्षों से काबिज होने के प्रमाण एवं आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर राज्य सरकार द्वारा उन्हें यह पट्टा प्रदान किया गया, जिससे उनके भविष्य की चिंता दूर हो गई। श्री पाण्डेय ने बताया कि वे लंबे समय से धान की खेती कर रहे हैं। पट्टा मिलने के बाद उन्होंने पूरी मेहनत और लगन से खेती को आगे बढ़ाया। वर्तमान में वे इस भूमि पर धान, गेहूं एवं उड़द की फसल लेते हैं। हालिया उत्पादन में उन्होंने लगभग धान 40 क्विंटल, गेहूं 15 क्विंटल तथा उड़द 5 क्विंटल की उपज प्राप्त की है, जिससे उनके परिवार की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। परिवार में उनकी पत्नी एवं दो बच्चे हैं, जो नियमित रूप से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार आने से परिवार अब निश्चिंत होकर जीवन यापन कर रहा है। शासन की योजनाओं के अंतर्गत उन्होंने तालाब एवं ट्यूबवेल का निर्माण भी कराया है, जिससे सिंचाई की सुविधा बढ़ी और खेती-किसानी और अधिक सुदृढ़ हुई है। जिला आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अशोक कुमार पाण्डेय अब भूमिहीन किसान की श्रेणी से बाहर आ चुके हैं।आत्मनिर्भर बनने के कारण समाज में उनका सम्मान भी बढ़ा है। अशोक कुमार पाण्डेय ने व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टा प्रदान किए जाने के लिए राज्य सरकार एवं आदिवासी विकास विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना उनके जैसे अनेक परिवारों के जीवन में स्थायी परिवर्तन ला रही है।

## मनरेगा से संवरा पटेलपारा तालाब

**कोरिया बैकुंठपुर।** ग्रामीण अंचलों में परंपरागत जलस्रोतों का संरक्षण एवं उन्नयन स्थानीय आजीविका सशक्तिकरण का मजबूत आधार बन सकता है। इसका एक उदाहरण कोरिया जिले के सोनहत जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम गोयनी स्थित पटेलपारा तालाब है, जो महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार के बाद अब 20 आदिवासी परिवारों के लिए खुशहाली और। आत्मनिर्भरता का माध्यम बन गया है। वर्षों से उपेक्षित यह तालाब अब पर्याप्त जलसंचय के साथ ग्रामीणों की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहा है। साथ ही आसपास के किसानों की 5 एकड़ से अधिक कृषि भूमि में खरीफ एवं रबी दोनों मौसमों की फसलों की सिंचाई संभव हो पाई है।

# दो हार्ट सर्जरी के बाद छूटी नौकरी, तीन दिव्यांग बच्चों का भविष्य अंधकार में



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड अंतर्गत ग्राम केशगवां निवासी संतोष कुमार दुबे का परिवार इन दिनों गहरे संकट में है। दो बार ओपन हार्ट सर्जरी करवा चुके संतोष की आजीविका का एकमात्र साधन छिन जाने के बाद, उनके तीन पूर्णतः दिव्यांग बच्चों का भरण-पोषण मुश्किल हो गया है, जिससे उनके परिवार पर आर्थिक संकट के बादल छा गए हैं।

संतोष कुमार दुबे ने बताया कि वे स्वयं दो गंभीर ओपन हार्ट सर्जरी से गुजर चुके हैं, जिसके कारण उनकी शारीरिक क्षमता सीमित है। इस गंभीर स्वास्थ्य स्थिति के बावजूद, वे अपने परिवार का सहारा बने हुए थे। उनकी चिंता का मुख्य कारण उनके तीन बच्चे हैं, जो दुर्भाग्यवश पूर्णतः दिव्यांग हैं और जिन्हें निरंतर देखभाल, विशेष पोषण तथा चिकित्सा आवश्यकताओं की पूर्ति की आवश्यकता होती है। यह स्थिति पहले से ही परिवार के लिए एक बड़ी चुनौती थी। संतोष ने बताया कि गत 23 जून 2023 को बैकुंठपुर में बाल संरक्षण आयोग दिल्ली द्वारा आयोजित एक शिविर के दौरान उनकी समस्या सामने आई थी। आयोग ने उनकी और उनके बच्चों की दयनीय स्थिति पर संज्ञान लेते हुए, उन्हें जनपद पंचायत सोनहत में आकस्मिक व्यवस्था के तहत कार्य पर रखने की सिफारिश की थी। यह रोजगार उनके परिवार के लिए एक जीवन रेखा साबित हुआ, जिससे उनके बच्चों के इलाज, दवाइयों और दैनिक भोजन की व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही थी। लगभग एक वर्ष तक मिली इस सहायता से परिवार को कुछ राहत मिली थी और वे आर्थिक रूप से स्थिर हो पाए थे। परंतु, लगभग एक वर्ष बाद उन्हें इस आकस्मिक कार्य से अचानक निकाल दिया गया है। इस अप्रत्याशित कदम ने उनके घर की स्थिति को अत्यंत दयनीय बना दिया है। संतोष कुमार दुबे ने मार्मिक अपील करते हुए कहा, 'मेरी दो बार ओपन हार्ट सर्जरी हो चुकी है और मेरे तीन बच्चे पूर्णतः दिव्यांग हैं। मेरे पास उनके भरण-पोषण के लिए कोई साधन नहीं बचा है। पहले जब मैं जनपद पंचायत सोनहत में कार्य पर था, तब मेरे बच्चों का इलाज और खाने-पीने का व्यवस्था ठीक चल रहा था, लेकिन अब स्थिति बहुत खराब हो चुकी है।

## गोल्ड मेडल से सम्मानित हुई चरचा की बेटी जान्हवी सिंह




**चरचा कालरी।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय, रायपुर में 30 जनवरी 2026 को आयोजित चतुर्थ दीक्षांत समारोह में चरचा कालरी क्षेत्र की मेधावी छात्रा कुमारी जानवी सिंह ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। बीए अंग्रेज़ी विषय में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान,प्राप्त करने पर उन्हें स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) से सम्मानित किया गया।

इस गरिमामय दीक्षांत समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका, प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मंत्री रामविचार नेताम सहित राज्य शासन के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में जानवी सिंह को मंच पर स्वर्ण पदक प्रदान किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल बन गया।उल्लेखनीय है कि कुमारी जानवी सिंह प्रारंभ से ही एक मेधावी छात्रा रही हैं उन्होंने ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, चरचा से पढ़ाई करते हुए कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में टॉपर बनकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसके बाद हिंद विद्यालय इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल से कक्षा 12वीं की परीक्षा में भी उन्होंने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। खास बात यह है कि जानवी सिंह ने अपनी पूरी शैक्षणिक यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की कोचिंग नहीं ली। उन्होंने केवल आत्म-अध्ययन, अनुशासन और निरंतर परिश्रम के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। वर्तमान में उनका लक्ष्य की तैयारी कर देश की सेवा करना है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य, शिक्षक-गुरुजन, चरचा बचाव मंच के अध्यक्ष नीरज गुप्ता, सचिव विनोद सिंह प्रकाश शर्मा, मोहम्मद आरिफ, राजेश्वर चंद्रा, हिंद विद्यालय के प्राचार्य शशि भूषण राय, व्याख्याता कमल डडसेना सहित क्षेत्रवासियों ने जानवी सिंह को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जानवी सिंह की यह सफलता न केवल चर्चा कालरी बल्कि पूरे क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी उपलब्धि यह संदेश देती है कि मेहनत, आत्मविश्वास और सच्ची लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

## बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और खगोल विज्ञान के प्रति जगी रुचि



**चरचा कॉलरी।** छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, तार्किक सोच को प्रोत्साहित करने तथा खगोल विज्ञान के प्रति रुचि जगाने के उद्देश्य से ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी कोरिया द्वारा हिंद विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा में एक विशेष स्काई वॉचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका शिवपुर चरचा के उपाध्यक्ष राजेश सिंह रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी नीरज गुप्ता तथा पत्रकार पवन अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने टेलीस्कोप के माध्यम से सूर्य पर मौजूद काले धब्बों (सन स्पॉट) का सुरक्षित रूप से अवलोकन किया। सूर्यास्त के पश्चात विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने चंद्रमा, बृहस्पति और शनि ग्रह को भी प्रत्यक्ष रूप से देखा, जिससे बच्चों में गहरा उत्साह देखने को मिला। ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी रायपुर से आए टेलीस्कोप विशेषज्ञ नीरज कुमार लहरें ने बच्चों की ग्रह-नक्षत्रों से जुड़ी जिज्ञासाओं का सरल और वैज्ञानिक ढंग से समाधान किया। इस दौरान बच्चों ने ब्रह्मांड को लेकर कई रोचक प्रश्न पूछे, जैसे पृथ्वी पर पानी कहाँ से आया?,धरती का निर्माण कब और कैसे हुआ,पृथ्वी पर मिट्टी कैसे बनी, इन सभी प्रश्नों के उत्तर विशेषज्ञों द्वारा वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर दिए गए। ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी कोरिया के जिला संयोजक एवं व्याख्याता कमल डडसेना ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के साथ-साथ ब्रह्मांड और सौरमंडल की गहरी समझ पैदा करती हैं। इससे समाज में व्याप्त पुरानी भ्रांतियाँ भी दूर होती हैं। उन्होंने बताया कि भविष्य में जिले के अधिक से अधिक विद्यालयों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि बच्चों में वैज्ञानिक चेतना को व्यापक रूप से बढ़ाया जा सके।कार्यक्रम के अंत में बच्चों को "वैज्ञानिक कैलेंडर एवं विज्ञान आधारित मैगजीन** वितरित की गई। आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य शशि भूषण राय,श्रीमती निशा राय, मिंटू सर सहित, समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं तथा ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी कोरिया से ललित, नवीन एवं संध्या सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय ट्राईबल गेम्स शुभंकर मोरवीर का उत्साह पूर्वक स्वागत

**कोरिया बैकुंठपुर।** भारतीय खेल प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा खेलो इण्डिया प्रथम राष्ट्रीय ट्राईबल गेम्स के आयोजन की जिम्मेदारी आदिवासी बाहुल्य राज्य छत्तीसगढ़ को दी गई है। आयोजन पूर्व प्रतियोगिता को सफल बनाने खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा शुभंकर मोरवीर के साथ मसाल मनेन्द्रगढ़ -चिरमिरी-भरतपुर जिले से कोरिया जिला अतर्गत खेलो इण्डिया बैडमिंटन अकादमी इण्डोर स्टेडियम, तलवापारा बैकुन्ठपुर पहुंची। इस दौरान बैडमिंटन अकादमी के खिलाडियों, प्रशिक्षकों, खेल अधिकारी ने फूल मालाओ से शुभंकर मोरवीर का स्वागत किया गया। वर्तमान में सरगुजा ओलम्पिक की तैयारियो से युवा खिलाडियो में प्रतिभा प्रदर्शित करने का उत्साह व जज्बा दिखाई दे रहा है। इस दौरान राष्ट्रीय ट्राईबल गेम्स के शुभंकर मोरवीर के आगमन से जिले के युवा खिलाडियो में नई उर्जा का संचार हुआ है।

# भाजपा ने तीन माह की कार्य योजना बनायी



**कोरिया बैकुंठपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कोरिया द्वारा सतत् बूथ सम्पर्क, बूथ सशक्तिकरण अभियान के साथ संगठन सुदृढ़ीकरण हेतु भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी द्वारा जिला स्तरीय बूथ प्रभारियों की घोषणा की गई। जिसमें प्रमुख रूप से जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, जनप्रतिनिधिगण एवं मोर्चा पदाधिकारियों को बूथ सशक्तिकरण एवं संरचना की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि, भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं के दम पर बूथ, शक्ति केन्द्र एवं मंडल स्तर पर संगठन का मजबूत आधार तैयार होगा। श्री तिवारी ने कहा कि, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर संकल्प के साथ विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। जिले में कार्य का अनुभव रखने वाले नेतागण बूथ के कार्यक्रमों को व्यवस्थित करने के साथ साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को लोगों तक पहुचायेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के सुशासन का लाभ राज्य के हर वर्ग को मिल रहा है। बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी सलका मंडल के बूथ प्रभारियों को जिम्मा दिया गया है। इसके अंतर्गत मतदान केन्द्र जगतपुर, नगर 01 व नगर 02 के प्रभारी जिला कोषाध्यक्ष रामकृष्ण शर्मा, उमझर, दुर्गापुर, तिलवनडांड़ के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े, बिशुनपुर, जूनापारा, फुलपुर के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष,महिला मोर्चा संगीता गुप्ता, आमगांव-1, आमगांव 2, रकैया के प्रभारी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव, चेरवापारा, छरछा, उरूमदुगा के प्रभारी जिला महामंत्री महिला मोर्चा पुष्पा राजवाड़े, आनी-1, आनी -2, आनी-3 के प्रभारी जिला मंत्री ओबीसी रामसुंदर राजवाड़े, शंकरपुर, मेको, सलका के प्रभारी किसान मोर्चा जिला महामंत्री जय चक्रधारी, भण्डारपारा, सरईगहना, सलबा के प्रभारी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सतेन्द्र राजवाड़े, सुरमी, करीलधोबा, ढोढ़ीबहरा के प्रभारी युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राकेश खाखा, अमरपुर, रटगा, सारा के प्रभारी किसान मोर्चा जिला मंत्री आनंद राजवाड़े, जलियाडांड़, गदबदी, डोंगरीपारा, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गोपाल राजवाड़े, डोहड़ा, टेंगनी, माटीझरिया के प्रभारी महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मवती राजवाड़े, मदनपुर, पोटेडांड़, मदनपुर के प्रभारी अजजा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जगदीश सिंह, मनसुख, चिल्का के प्रभारी जिला कार्यसमिति सदस्य अंचल राजवाड़े, रोबो, पिपरहिया, धरमपुर के प्रभारी भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता को बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी चरचा मंडल के बूथ प्रभारियां की सूची निम्नानुसार है - मतदान केन्द्र सरडी-01, सरडी-02, सरडी-03 के प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, खरवत-01, खरवत-02 के प्रभारी जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, शिवपुर, चरचा कालरी-6 के प्रभारी नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, चरचा कालरी - 7, चरचा कालरी - 10 के प्रभारी ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, चरचा कालरी - 11, चरचा कालरी -12, चरचा कालरी - 1 के प्रभारी भाजपा जिला मंत्री प्रदीप तिवारी, चरचा कालरी - 2, चरचा कालरी - 3 के प्रभारी जिला कार्यसमिति सदस्य कुन्ती चक्रधारी, चरचा कालरी -4, चरचा कालरी -5 के प्रभारी भाजयुमो जिला महामंत्री साक्षी सिंह राजपूत, चरचा कालरी - 8, चरचा कालरी -9 के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष बसंत राय, चरचा कालरी -13, चरचा कालरी -14 के प्रभारी जिला कार्यसमिति सदस्य अभिमन्यु मृदुली को नियुक्त किया गया है। भारतीय जनता पार्टी पटना मंडल के बूथ प्रभारियां की सूची निम्नानुसार है - मतदान केन्द्र मुरमा-1, मुरमा-2 के प्रभारी जिला कार्यसमिति सदस्य विष्णु साहू, महोरा-1 व 2 के प्रभारी किसान मोर्चा जिला महामंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, डकईपारा, मानपुर के प्रभारी किसान मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष प्रेमसागर तिवारी, कोटकताल, हथवर के प्रभारी किसान मोर्चा जिला मंत्री सुनिल दुबे, जमगहना, चम्पाझर के प्रभारी अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलराज रवि, बरदिया, पिपरडांड़ के प्रभारी जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी राकेश गुप्ता, नांदभान, करहियाखांड के प्रभारी जिला सह मीडिया प्रभारी गणेश यादव, पूटा, अंगा के प्रभारी जिला कार्यसमिति सदस्य रूपचंद गुप्ता, कटकोना-1, कटकोना-2, कटकोना-3 के प्रभारी जिला कार्यसमिति सदस्य योगेन्द्र मिश्रा, पटना-1, पटना-2, पटना-3 के प्रभारी नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, पटना-4, पटना-5, कटोरा के प्रभारी किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रितेश सिंह, सोरगा-1, सोरगा-2, रनई-2, तेंदुआ-1 के प्रभारी भाजपा जिला मंत्री सुनिता कुर्रे, तेंदुआ-2, तेंदुआ-3 के प्रभारी युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष अरूण राज कुर्रे, कोचिला, छिंदिया-1 के प्रभारी जिला पंचायत सदस्य गीता राजवाड़े, छिंदिया-2 , रामपुर (प) के प्रभारी युवा मोर्चा जिला मंत्री मनीष साहू, पसला, अमहर, तरगवां के प्रभारी जिला कार्यसमिति सदस्य जगदीश साहू, डबरीपारा, खोडरी, खाड़ा के प्रभारी भाजपा जिला महामंत्री कपिल जायसवाल को बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी कुड़ेली मंडल के बूथ प्रभारियां की सूची निम्नानुसार है - मतदान केन्द्र सरभोका-1, सरभोका-2, सरभोका-3 के प्रभारी किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवचरण साहू, कुड़ेली-1, कुड़ेली-2, बुढ़ार-1 के प्रभारी भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य सुखदेव राजवाड़े, बुढ़ार-2, बुढ़ार-3, बुढ़ार-4 के प्रभारी ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष अहिल्या राजवाड़े, बुढ़ार-5, कसरा-1,कसरा-2 के प्रभारी विशेष आमंत्रित सदस्य कामतानाथ तिवारी, कसरा-3, भांड़ी, कंचनपुर के प्रभारी जिला कार्यसमिति सदस्य धीरेन्द्र साहू, परचा, बस्ती, नरकेली के प्रभारी अजजा मोर्चा जिला महामंत्री कमलेश एक्का, मझगवां, मंडलपारा, मुड़ीझरिया के प्रभारी अजजा मोर्चा जिला मंत्री उग्रसेन तिर्की, तेलाईधार, बरपारा, जटासेमर के प्रभारी जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, चोपन, देवरी, जामपानी के प्रभारी भाजयुमो जिला शा.यो. जगदीश जायसवाल, डुभापानी, कोरचाडांड़, मोदीपारा के प्रभारी जिला कार्यसमिति सदस्य सुशील यादव, बड़गांव, पतरापाली, खुटरापारा के प्रभारी जिला कार्यसमिति सदस्य रोशन राजवाड़े, आमापारा, चारपारा, झरनापारा के प्रभारी भाजयुमो जिला मंत्री उर्मिला पैकरा, सत्तीपारा, कदमनारा, जयपुर, रघुवीरपुर के प्रभारी अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष विमलचंद चेरवा को बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी बैकुण्ठपुर मंडल के बूथ प्रभारियां की सूची निम्नानुसार है - प्रभारी युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शुभम जायसवाल, तामडांड, जिल्दा-1, जिल्दा-2 के प्रभारी भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी जगनारायण साहू, बारी, छूरी, मुगुम के प्रभारी जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू, कांसाबहरा, भरदा, सकरिया-1 के प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल साहू, सकरिया-2, अमका, बचरा के प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, तोलगा-1, तोलगा-2, बड़ेकलुआ के प्रभारी भाजपा जिला सह कोषाध्यक्ष राजेन्द्र चक्रधारी, छापरपारा, गनपतपुर, बैमा-1 के प्रभारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, सहिज अन्य शामिल है।

# अयोध्या की आयुषी के ज्ञान पर श्रोता अभिभूत



**बिलासपुर।** संकेत साहित्य समिति बिलासपुर इकाई की मासिक गोष्टी समिति के महासचिव नरेंद्र शुक्ला 'अविचल' के निज निवास गीतांजलि सिटी-बिलासपुर में संपन्न हुई गोष्ठी की शान अयोध्या से पधारी मात्र 11 वर्ष की बालिका आहुति शुक्ला थी ।आपने पौराणिक विषयों पर अपनी ओजस्वी कविताओं से उपस्थित हिंदू समाज का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अयोध्या से पधारे विनय शुक्ला,वरिष्ठ अतिथि सूर्यकांत त्रिपाठी व अध्यक्षता अंजनी कुमार तिवारी 'सुधाकर' ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन राकेश खरे ' राकेश ' एवं धन्यवाद ज्ञापन नरेंद्र कुमार शुक्ला 'अविचल 'द्वारा किया गया ।

गोष्ठी ने सिद्ध कर दिया कि बच्चों के लालन-पालन एवं सर्वांगीण विकास में माता-पिता का विशेष योगदान होता है ।निश्चित ही विदुषी कु आहुति की माता श्रीमती गरिमा शुक्ला बधाई की पात्र हैं जिन्होने आहुति को अपनी अल्प आयु में ही आध्यात्मिक जीवन की ऊंचाइयों को छूने में पूर्ण सहयोग किया है ।उपस्थित सभी श्रोताओं ने कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए बाल विदुषी आहुति शुक्ला का सफल कार्यक्रम आयोजित कराने वाले सूत्रधार श्री सौरभ शुक्ला के प्रति आभार व्यक्त किए।

## ट्रक ने राहगीर को कुचला

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर में सड़क क्रॉस कर रहे बाइक सवार व्यवसायी को ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में व्यवसायी की मौके पर मौत हो गई। वे बाइक में कुछ सामान लोड कर घर से निकले थे और घर से बमुश्किल 30 मीटर दूर पर यह हादसा हुआ।हादसा CCTV कैमरे में कैद हो गया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि टक्कर से व्यवसायी नीचे गिर गया, ट्रक उसे कुचलते हुए आगे बढ़ गया। घटना नमनाकला रिंग रोड की है। मामला गांधीनगर थाना क्षेत्र का है।

रिंगरोड नमनाकला निवासी व्यवसायी प्रह्लाद सोनी (50) सोमवार शाम बाइक में कुछ सामान लोड कर घर से निकले। वे अपने घर से आगे रिंगरोड क्रॉस कर बस स्टैंड की ओर जा रहे थे।सड़क पार करते समय जैसे ही उन्होंने डिवाइडर क्रॉस किया, गांधी चौक से बस स्टैंड जा रहे ट्रक से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर के बाद वे बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान उनका सिर ट्रक के पहियों के नीचे आ गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुछ देर के लिए सड़क पर गाड़ियों की आवाजाही रुक गई, जिससे लंबी लाइन लग गई।

# बिजली सेक्टर के ठेका कर्मियों ने पूछा डीई से- ईपीएफ की राशि है कहां?

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ बिजली वितरण कंपनी के अंतर्गत काम कर रहे ठेका कर्मियों के सामने ईपीएफ से जुड़ी समस्याएं अब तक हल नहीं हो सकी है। बार-बार यह मसला सामने आ रहा है। उन्होंने सीएसपीडीसीएल के डिविजन इंजीनियर से जानना चाहा है कि ईपीएफ की राशि है कहां और इसे जमा कराने का जिम्मा है किसका?

ठेका कर्मी कल्याण संघ ने इस बारे में वितरण कंपनी के कटघोरा और कोरबा ईस्ट के डीई को पत्र दिया है। इसमें कहा गया है कि जनवरी 2024 और फरवरी 2024 में जेवीएस इंटरप्राइजेस के द्वारा वेतन भुगतान किया गया था। ईपीएफ की राशि भी जमा नहीं की गई। मार्च 2024 से दिसंबर 2024 तक 10 महीने का विभाग द्वारा ईपीएफ व ईएसआईसी की राशि काटकर जिले में सभी 33/11 केवी उपकेंद्र के ऑपरेटर्स को वेतन का भुगतान किया गया। इसी तरह कोरबा शहर संभाग में जनवरी से अक्टूबर, कोरबा ग्रामीण डिविजन में जनवरी से नवंबर और कटघोरा डिविजन में जनवरी से दिसंबर तक का ईपीएफ की राशि जमा कराने के लिए पत्र से अवगत कराया गया। अफसोस इस बात का है कि दो वर्ष पार होने पर भी इस दिशा में कार्यवाही नहीं की गई और न ही किसी भी कर्मचारी का मेंबर आईडी जनरेट किया गया। यही नहीं ठेका कर्मियों की ईपीएफ की राशि जमा कराने हेतु रूचि नहीं ली गई। यह बात अलग है कि विभाग द्वारा मांगे कर्मचारियों के बैंक खाते, आधार और पैनकार्ड की कापी समय पर जमा कर दी गई है। ईपीएफ जमा न होने से कई तरह के पचड़े खड़े हो रहे हैं और इससे कर्मी चिंतित है। छत्तीसगढ़ विद्युत विभाग ठेका कर्मचारी संघ के ललित किशोर बरेठ ने कार्यपालन अभियंताओं को भेजे गए पत्र में कहा है कि 10 दिन के भीतर ईपीएफ की राशि कर्मियों के यूएएन पर जमा कराई जाए। ऐसा न होने पर जिले के सभी विद्युत उपकेंद्र के ऑपरेटर सामूहिक हड़ताल पर चले जाएंगे। ऐसी स्थिति में अव्यवस्था उत्पन्न होती है तो इसकी सभी जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी।



### बार-बार खड़ी हो रही परेशानी

बिजली सब स्टेशन में तकनीकी और संधारण कार्य से जुड़े ठेका कर्मियों के मामले में कभी वेतन तो कभी ईपीएफ की राशि को लेकर परेशानियां खड़ी हो रही है। पावर कंपनी इस प्रकार के कार्यों के लिए आउट सोर्सिंग पर अनुबंध कर रही है। टेंडर के समय शर्तें साफ होती है लेकिन कामकाज शुरू होने के बाद कंपनी के नखरों से कर्मचारी परेशान हो जाते हैं। त्योहारी सीजन में ठेका कर्मियों को कामकाज बंद कर अधिकारियों को लाइन पर लाना पड़ा तब वेतन और बोनस के मसले हल हुए। अब जबकि एक बार फिर कर्मियों ने कामकाज ठप करने का ऐलान किया है तब प्रबंधन का रूख क्या होता है, इसका इंतजार रहेगा।

### 5 से 10 लाख का बकाया

अकेले कोरबा में ही ईपीएफ की राशि 5 से 10 लख रुपए बाकी है। यहां पर 297 कर्मचारी बिजली सर्विस स्टेशन में काम करते हैं ।कोरबा के अलावा जेबीएस कंपनी का ठेका शक्ति और जांजगीर चांपा जिले में भी है। वहां भी इस प्रकार की समस्याएं हैं। इस मसले का समाधान जरूरी है।

– **ललित किशोर बरेठ,** जिलाध्यक्ष, छग विद्युत विभाग ठेका कर्मचारी कल्याण संघ

# एनएच-49 पर ट्रेलर और ट्रक की टक्कर में एक की मौत



**कोरबा।** राष्ट्रीय राजमार्ग 49बी पर ग्राम पंचायत पताढ़ी के पास हुई भीषण सड़क दुर्घटना में एक वाहन चालक की मौत हो गई। कोरबा और चांपा की दिशा में आवाजाही कर रहे ट्रेलर और ट्रक यहां पर भिड़ गए। एक चालक केबिन में फंसकर दब गया। जब तक रेस्क्यू किया जाता, उसकी सांसें थम चुकी थी। उरगा पुलिस ने मर्ग कायम किया है। अगली कार्यवाही की जा रही है।

आज सुबह लगभग 5 बजे के आसपास यह घटना हुई। वाहनों की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डाला बॉडी (ट्रक) का चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। सूचना मिलते ही उरगा पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। राहत दल ने गैस कटर की मदद से केबिन काटकर चालक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। मृतक के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं मिल सकी है कि वह कौन था और उसका वास्ता कहां से था। वहीं ट्रेलर चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल उपचार के लिए चिकित्सालय भेजा गया है। हादसे के बाद कुछ समय तक मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित रहा, जिसे पुलिस ने नियंत्रित किया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इससे पहले भी जिले के एनएच पर कई हादसे हो चुके हैं जिनमें कई चालक और लोगों की मौत हुई। दुर्घटनाओं के ग्राफ को कम करने के लिए तमाम कोशिश करने की बात की जा रही है।

## पंप हाउस में पेंशनधारी का सत्यापन कल

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के पंप हाउस वार्ड में पेंशन धारी के सत्यापन के लिए नगर निगम की ओर से 3 फरवरी को सुबह 11:00 बजे से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यहां पर पूर्व से सुविधा प्राप्त कर रहे लाभार्थियों का सत्यापन किया जाएगा। इसके अलावा कैटिगरी से छूटे हुए संबंधित के मामले में आवश्यक प्रक्रिया की जाएगी। क्षेत्र के पार्षद रामकुमार साहू ने संबंधित लोगों से कहा है कि वह इस शिविर में उपस्थिति दर्ज कराएं।

## बासपा कार्यकर्ता गए रायपुर

**कोरबा।** बसपा की प्रदेश स्तरीय बैठक आज रायपुर में आयोजित की गई है। जिसमें किए गए कार्यो की समीक्षा की जाएगी। बैठक में शामिल होने के लिए बसपा जिला अध्यक्ष फूलचंद सोनवानी कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष राघवेन्द्र मनहर, कोरबा विधानसभा अध्यक्ष जग्गू चौहान के अलावा अन्य कार्यकर्ता रवाना हुए है। बाबू लाल टंडन ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में समीक्षा की जाएगी। खास कर सेक्टर स्सतर पर किए गए कार्यो की जानकारी देगें। जिले में सभी सेक्टर समिति सक्रियता के साथ काम कर रही है।

# गर्मी से पहले हर घर में पानी पहुंचाने की कोशिश, दूर करेंगे खामियां

### परला, चोटिया सहित 17 गांवों में समस्या

**कोरबा।** लोगों को हर हाल में शुद्ध और साफ पानी देने के लिए सरकार ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल-जल योजना का क्रियान्वयन हाथ में लिया है। कोरबा जिले में इसके अंतर्गत कामकाज किया गया। कई इलाके में प्राथमिक काम होने पर भी लोग सुविधा से वंचित हैं। कहीं पानी नहीं पहुंच रहा है तो कहीं तकनीकी अड़चने आड़े आ रही है। पीएचई ने कहा है कि गर्मी से पहले समस्याओं को दूर करेंगे।

कोरबा जिले के काफी गांव में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत लोगों को पानी की सुविधा से लबरेज किया है। योजना के अंतर्गत जल स्त्रोत की तलाश के साथ अगले काम किए गए। पानी की शुद्धिकरण के साथ इसे लोगों के घरों तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। अधिकांश क्षेत्रों में योजना सफल रही है जबकि कुछ गांव ऐसे भी हैं जहां पर नतीजे मिलने में परेशानी हुई। परला, चोटिया, धजाक समेत कई गांव में योजना क्रियान्वित की गई लेकिन अभी भी कुछ समस्याएं हैं जिसके चलते एक ही गांव में कुछ हिस्से में पानी पहुंच रहा है, कुछ बस्तियों में नहीं। पाइपों में नुकसान होने से लेकर दूसरे मसले समस्या की वजह बने हुए है।



एनएच-130 के अंतर्गत पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के परला गांव का जायजा मीडिया ने लिया। खबर के अनुसार जल जीवन मिशन के तहत करीब तीन साल पहले पाइपलाइन बिछाई गई। घर-घर नल कनेक्शन दिए गए, ग्रामीणों से आधार कार्ड, राशन कार्ड जैसे दस्तावेज़ भी जमा कराए गए। उम्मीद थी कि अब घर बैठे पानी मिलेगा, लेकिन साल बीतते चले गए और नलों से पानी की एक बूंद तक नहीं टपकी। ग्रामीण आज भी पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। वहीं गांव का पंचायत बोर भी कई दिनों से खराब पड़ा है, जिससे हालात और बदतर हो गए हैं। हैरानी की बात ये है कि महज कुछ ही दूरी पर पीएचई का प्रोजेक्ट कार्यालय संचालित है। इसके जरिए योजना पर नजर रखी जा रही है। दावा किया जा रहा है कि जहां कहीं मुसीबत है उसका बेहतर हल खोजा जाएगा। गर्मी में लोगों को परेशानी न हो यह प्राथमिकता होगी।

### किया जा रहा निरीक्षण

हाल में ही पदस्थापना हुई है। कुछ गांव में जल जीवन मिशन की उपयोगिता को लेकर हमारे पास शिकायत आई है। लगातार ऐसे क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इंटकवेल और डब्ल्यूटीपी की स्टडी के साथ अन्य चीजों को देखा जा रहा है। निश्चित रूप से लोगों को मुश्किलों का सामना न करना पड़े, इस दिशा में प्रयत्न होगा।

-**एसएस पैकरा,** ईई, पीएचई प्रोजेक्ट डिविजन

## आवासों का मरम्मतीकरण शुरू

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व के कॉलोनी में आवासो के मरम्मती कार्य के लिए आवेदन जमा किए गए थे। इन आवदनों का अवलोकन करते हुए एसईसीएल के अधिकारियों व वेलफेयर कमेटी की टीम ने कालोनी का निरीक्षण किया । वेलफेयर कमेटी के सदस्य दिनेश साहू डीपी लहरे विपिन कुमार बाबू लाल चंद्रा, एन के साव,अब्दुल माजिद ने आवासो में जाकर अवलोकन किया। इसके बाद से मरम्मती कार्य शुरू कर दिए गए है। कई आवासो में फर्श उड़क गए थे। उसे बनाने का काम शुरू किया गया है। दरवाजे व खिड़किया भी टूट गई थी। इन सभी कार्यो को कराया जा रहा है। 15 ब्लाक कालोनी व भक्त सिंह कालोनी से आवेदन आए थे। उन सभी आवदनों पर काम हो रहे है।

## कबड्डी में कौशल दिखा रहे खिलाड़ी

**कोरबा।** कोयलांचल दीपका के पास बतारी में ओपन चैलेंज कबड्डी टूर्नामेंट जारी है। चार राज्यों के खिलाड़ी यहां पर अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर रहे हैं। 6 फरवरी को टूर्नामेंट समाप्त होगा।



### मरीजों के परिजनों को दी जा रही भोजन सेवा

कोरबा के मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में मरीजों के परिजनों के लिए भोजन की सेवा 365 दिन जारी है। सामाजिक संगठनों ने इस दिशा में अपने सरोकार दिखाएं हैं। अनूप मंडल ने बताया कि खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीजों के परिजनों को इस सेवा का लाभ मिलने से उनकी चिंता दूर हो रही है।

# भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ में मोनू सह संयोजक नियुक्त

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ के कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से मुख्यालय प्रभारी नवीन मार्कंडेय ने की है जिसमें 9 प्रदेश पदाधिकारी व 18 कार्य समिति सदस्य बनाए गए हैं जिसमें कोरबा जिले से अज्ञात यादव उर्फ मोनू यादव को प्रदेश सहसंयोजक बनाया गया है। जिससे कोरबा जिले के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। वे लंबे समय से संगठन के साथ असहाय वर्ग की सेवा में आगे रहे हैं। उनकी सेवाओं को ध्यान में रखते हुए एनजीओ प्रकोष्ठ में अहम दायित्व दिया गया है। विकासखंड कोरबा के रजगामार से वास्ता रखने वाले मोनू ने तकनीकी कौशल के साथ काम को आगे बढ़ाया है और इसके माध्यम से युवाओं के उन्मुखीकरण की दिशा में भी काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना से अधिकतम लोगों को लाभान्वित कराने पर फोकस होगा।



## छुरी में भाजपाईयों की बैठक

**कोरबा।** पिछले दिनों भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डा. विजय राठौर छुरी में आयोजित बैठक में शामिल हुए बैठक में बजट पर चर्चा करते हुए इसे आज जनता तक पहुंचाने की बात कही गई। बैठक में विधायक प्रतिनिधि प्रीमत देवांगन, उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी, अभिषेक गर्ग, शमजीत सिंह,पीयूष अग्रवाल , रमेश श्रीवास, टिकेत डोंगरे, श्यामकुमार साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। इसी तरह आज प्रदेश के मंत्री लखन देवांगन छुरी में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होगें। देवांगन समाज के द्वारा एक पूजा कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# नैतिक मूल्यों से सशक्त होगा समाज : जयसिंह

### आध्यात्मिक पार्क में लोगों का हुआ एकत्रीकरण

**कोरबा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आध्यात्मिक ऊर्जा पार्क में महाशिवरात्रि का भव्य आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद जी, बी. के. रुक्मणि दीदी, बी. के. बिंदु दीदी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के पारंपरिक स्वागत, तिलक एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में शिव भक्ति से ओत-प्रोत मनमोहक नृत्य, नाटिका एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों एवं युवाओं द्वारा प्रस्तुत शिव महिमा पर आधारित नृत्य एवं अभिनय ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



इस अवसर पर बी.के. रचना दीदी ने शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य समझाते हुए कहा की महाशिवरात्रि केवल पर्व नहीं, बल्कि आत्म जागृति का संदेश है। परमपिता शिव स्वयं इस धरा पर आकर पतित संसार को पावन बनाते हैं और हमें राजयोग के माध्यम से जीवन जीने की सच्ची कला सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि शिव ही शांति, प्रेम और शक्ति के सागर हैं, जिनकी याद से जीवन में सुख और सफलता आती है। जयसिंह अग्रवाल ने कहा की ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा किए जा रहे आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यों की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं नैतिक मूल्यों का संचार करते हैं। उन्होंने शिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व को समझते हुए सभी को आत्मचिंतन एवं सद्कर्म करने की प्रेरणा दी। राजकिशोर प्रसाद ने कहा की आज के भौतिकवादी युग में मनुष्य बाहरी सुखों की दौड़ में आंतरिक शांति खो बैठा है। ऐसे समय में ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा किए जा रहे आध्यात्मिक कार्यक्रम समाज को नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि हमें आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश देती है। उन्होंने संस्था की सेवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहाँ से मिलने वाली शिक्षाएँ व्यक्ति के साथ-साथ पूरे समाज के चरित्र निर्माण में सहायक है

बी. के. रुक्मणि दीदी ने कहा की आज के तनावपूर्ण जीवन में शिव स्मृति ही मानसिक शांति का आधार है। शिवरात्रि हमें अपने अंदर की बुराइयों को त्यागकर दिव्य गुणों को अपनाने की प्रेरणा देती है। उन्होंने सभी को नियमित राजयोग ध्यान करने का संदेश दिया और शिव बाबा से नाता जोड़ने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से शिव की आराधना की। विशेष आकर्षण के रूप में 12 ज्योतिर्लिंगों की सुंदर झांकी सजाई गई, जो को 15 फरवरी तक रहेगी।

## प्रदेश अध्यक्ष से विकास ने की भेंट

**कोरबा।** कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव विकास शुक्ला व प्रकाश सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने कांग्रेस के प्रत्येक अध्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात की और समस्याओं को सामने रखा उन्हे निर्देश दिया गया है। कि संगछठन को मजबूत करने के लिए कार्य किया जाए मनरेंगा के नाम परिर्वतन करने से कांग्रेसी आक्रोशित है। इसी तरह और अन्य भी मामले है।

## कई समितियों का किया गया सम्मान

**कोरबा।** नोवा नेचर सोसायटी के द्वारा जिले के ग्राम सतरेंगा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां पर पर्यावरण से संबंधित सरोकारों को लेकर अच्छे काम करने वाली कुछ समितियों का सम्मान किया गया। इनकी भूमिका स्वच्छता, प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र और इको फ्रेंडली सिस्टम को मजबूत करने में हो रही है। जितेंद्र सारथी ने बताया कि इससे लोग प्रोत्साहित हो रहे हैं।

# भजन संकीर्तन के साथ हनुमान सेवा समिति ने भंडारा किया सर्वमंगला मंदिर में



**कोरबा।** तुलसी नगर की हनुमान सेवा समिति ने माघ पूर्णिमा के उपलक्ष्य में कोरबा के सर्वमंगला मंदिर तक पदयात्रा की और भंडारा किया। विभिन्न क्षेत्रों की सुप्रभात भजन कीर्तन मंडली भी इसमें शामिल हुई। महापौर संजू देवी राजपूत ने इस प्रयास को सराहा।

पिछले कई वर्षों से कोरबा क्षेत्र में सामाजिक धार्मिक कार्य लोगों के संगठनों की ओर से किया जा रहे हैं। इनमें लोगों की भागीदारी दर्ज हो रही है और उनकी संख्या भी बढ़ रही है। हनुमान सेवा समिति तुलसी नगर की ओर से ऐसा ही प्रयास किया गया। उसने बैग पूर्णिमा के उपलक्ष में एक कार्यक्रम करते हुए सर्वमंगल मंदिर में भंडारा किया। समिति से जुड़े धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि एक परंपरा के साथ यह सब किया जा रहा है। नगर निगम की महाप और संजू देवी राजपूत भी इस कार्यक्रम में शामिल हुई। उन्होंने लोगों के द्वारा सामाजिक और धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की प्रवृत्ति की प्रशंसा की। हनुमान सेवा समिति के इस आयोजन को सफल बनाने में क्षेत्र वासियों ने अपना योगदान दिया।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com